आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 229 हापुड़ , गुरुवार 6 मार्च 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज़: 06

## निवेशकों को निशाना बनाकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं योगी – अखिलेश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समाजवादी पार्टी (सपा) पर अपने कार्यकाल के दौरान अंसल एपीआई जैसे बिल्डरों का पक्ष लेने का आरोप लगाने के एक दिन बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा सरकार पर निवेशकों को निशाना बनाकर अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने निवेश को लेकर सरकार के रुख पर सवाल उठाया और कहा कि जो नेता अब आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने पहले भी उन्हीं स्थानों पर परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अपनी नाकामी छिपाने के लिए जब लोग किसी और का नाम लेते हैं तो भूल जाते हैं कि उसी के नाम से बनी सिटी में स्थित मॉल और अस्पताल का उन्होंने ही उद्घाटन किया था। उसी विशाल परिसर में बने एक नये होटल में जी20 के मेहमान आपने ही ठहराए थे। यह वही जगह है जहाँ अरबों रुपए का सच्चा इन्वेस्टमेंट आया।' यादव ने 1.12 मिनट का एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें आदित्यनाथ अंसल के गोल्फ सिटी में लुलु मॉल का उद्घाटन कर रहे थे। जी20 गोल्फ सिटी के एक होटल में आयोजित किया गया था और कैंसर अस्पताल भी वहीं स्थित है। उन्होंने कहा, 'निवेशकों पर आरोप लगाकर हतोत्साहित करने से न तो निवेश का विकास होगा, न ही प्रदेश का। उप्र के सभी समझदार लोग कह रहे हैं कि अगर सब गलत था तो आप वहाँ अपना बुलडोजर लेकर जाते। आप कैंची लेकर उद्घाटन करने क्यों पहुँच गये?'



सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सत्ता से आदित्यनाथ की संभावित बेदखली की चर्चा उनमें हताशा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, 'जनता कह रही है कि जब उसे ढूँढने पाताल लोक जाएं तो परतों में दबी उस गहरी वजह की भी खोज-ख़बर लेते आएं जो उनकी गद्दी को हिला रही है। उनके सत्ता से बेदख़ल होने की जो चर्चाएं हर तरफ़ हैं, यह उसी की खीझ है। विस्थापन का डर ही उनके मुँह से ऊंची आवाज़ बनकर निकल रहा है। सफलता व्यक्ति को शांत, शालीन और शिष्ट बनाती है और विफलता वहीज्. जो दिख रहा है।' यादव अपने संबोधनों में आरोप लगाते थे कि केंद्र और उप्र सरकारों के बीच मतभेद हैं। राज्य विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान आदित्यनाथ ने घर खरीदने वालों को आश्वस्त किया और कहा कि किसी को भी यह नहीं सोचना चाहिए कि वे आम आदमी और गरीबों से पैसा लेकर भाग सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा था, 'हमारी सरकार ऐसे लोगों को पाताल की गहराई से भी खोज निकालेगी।' उन्होंने कहा कि ऐसे हर मामले पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आदित्यनाथ ने कहा था, 'हमने आज इसका एक उदाहरण देखा और मैंने इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अंसल आपकी (सपा की) बनाई हुई कंपनी है। आपकी सरकार के दौरान ही इसकी सभी अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया और निवेशकों और घर खरीदने वालों को धोखा दिया गया।' आदित्यनाथ ने कहा था, 'यह सब समाजवादी पार्टी के शासनकाल में हुआ। आपने बिल्डर की सीमा बढ़ा दी, जबकि हमने उसे कम कर शिकंजा कस दिया।

अगर घर खरीदने वाले एक भी व्यक्ति को धोखा दिया गया तो हम सभी संपत्तियां जब्त कर लेंगे और न्याय सुनिश्चित करेंगे।' आदित्यनाथ के संबोधन के बाद मंगलवार शाम को अंसल के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई।

## पिछले 10 दिनों में यमुना से 1,300 टन कचरा निकाला गया- दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा



नई दिल्ली । दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को नाव से यमुना का निरीक्षण किया और कहा कि पिछले 10 दिनों में नदी से 1,300 टन कचरा निकाला गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हाल में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनावों में यमुना की सफाई का वादा किया था। वर्मा ने कहा, 2023 में दिल्ली को बाढ़ का सामना करना पड़ा। पहले सभी जलद्वार बंद कर दिए गए थे, लेकिन अब भविष्य में बाढ़ को रोकने के लिए उनकी मरम्मत कर दी गई है और उन्हें ऊंचा कर दिया गया है। मंत्री ने कहा, ''हमारी सबसे बड़ी प्रतिबद्धता यमुना को पूरी तरह से साफ करना और बहाल करना है। पिछले 10 दिनों में 1,300 टन कचरा निकाला जा चुका है। दिल्ली विकास प्राधिकरण नदी के तल को बहाल करेगा और अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि नदी में अपशिष्ट जल गिराने वाले 18 प्रमुख नालों के लिए सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) स्थापित किए जाएंगे। वर्मा ने कहा, 'शिकायतों का समाधान किया जाएगा, नए एसटीपी स्थापित किए जाएंगे और मौजूदा एसटीपी की क्षमता बढ़ाई जाएगी। सभी एसटीपी दो साल के भीतर स्थापित होने की उम्मीद है।' उन्होंने दावा किया कि पिछले दशक में नदी की सफाई के लिए कोई महत्वपूर्ण काम नहीं किया गया, यहां तक कि 'कागज़ों पर भी कुछ नहीं' किया गया। वर्मा ने कहा, 'पिछली सरकार के मन में यमुना के लिए काम करने का विचार भी नहीं आया। लेकिन अब, न केवल दिल्ली सरकार बल्कि खुद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) भी इसमें शामिल है।'

## किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं, कोई भी मुझसे सीधे बात कर सकता है- दिल्ली मुख्यमंत्री गुप्ता



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को होमगार्ड को आश्वासन दिया कि वे अपनी शिकायतें लेकर सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं और इस बात पर जोर दिया कि उनसे बातचीत करने के लिए किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं है। गुप्ता ने यह टिप्पणी होमगार्ड के एक समूह से मुलाकात के दौरान की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं मिला है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में बस मार्शल के रूप में तैनात होमगार्ड ने यह भी कहा कि उनमें से कुछ को पिछले साल दिवाली के बाद से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कहा, अगर कोई बात करना चाहता है तो सीधे मेरे पास आए, किसी को किसी तरह के मध्यस्थ की जरूरत नहीं है।' मुख्यमंत्री ने यहां अपने आवास पर होमगार्ड से मुलाकात की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। गुप्ता ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''दिल्ली के हर कोने से मेरे आवास पर भेंट करने आए परिवारजनों से मिलकर हृदय अत्यंत प्रफुल्लित है। इस दौरान, जनता जनार्दन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनके निवारण का आश्वासन भी दिया। दिल्लीवासियों का यह निःस्वार्थ प्रेम, आशीर्वाद, स्नेह और समर्थन ही मेरी शक्ति और प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान उनकी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, और मैं आपको वचन देती हूं कि आपके हितों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहूंगी।

## कुलियों की आवाज नहीं सुनी जा रही, उनके अधिकारों के लिए लड़ूंगा – राहुल



नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखि़म में डालकर लोगों की मदद की लेकिन सरकार इनकी आवाज़ नहीं सुन रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वह इनकी मांगें सरकार के समक्ष रखेंगे और उनके अधिकारों के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे। राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के दौरान लोगों की मदद करने वाले कुलियों के एक समूह से बीते शनिवार को मुलाकात की थी। उसका वीडियो बुधवार को उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। बीते 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किया, 'कुछ दिनों पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच कर वहां के कुली भाइयों से फिर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि भगदड़ वाले दिन किस प्रकार सभी ने मिल कर लोगों की जान बचाने के हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि भीड़ से लोगों को निकालने, घायलों को एम्बुलेंस तक पहुंचाने और मृतकों के शवों को बाहर निकालने के लिए कुलियों ने हरसंभव तरीके से यात्रियों की सहायता की। राहुल गांधी के अनुसार, उन्होंने इसके लिए कुलियों को धन्यवाद दिया। कांग्रेस नेता ने कहा, 'इन भाइयों की संवेदना देख कर बहुत प्रभावित हूं। अभी भी वो आर्थिक रूप से तंगी की हालात में जी रहे हैं - मगर जज़्बे और सद्भावना से भरपूर हैं। उन्हें सहायता की दरकार है, जिसके विषय में उन्होंने अपनी मांगें बताई हैं। उनकी सहायता करने का हरसंभव प्रयास ज़रूर करूंगा।' उन्होंने इस मुलाकात का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए पोस्ट किया, 'नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान इन लोगों ने अपनी जान जोखि़म में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन इनकी आवाज़ नहीं सुनी जा रही है। मैं इनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और इनके अधिकारों के लिए पूरी ताक़त से लड़ूंगा!'

## औरंगजेब को अपना आदर्श मानती है समाजवादी पार्टी – मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर औरंगजेब को आदर्श मानने का आरोप लगाते हुए कहा कि जिनका आचरण मुगल शासक जैसा है वे लोग तो उन पर ही गौरव की अनुभूति करेंगे। आदित्यनाथ ने विधान परिषद में बजट पर चर्चा के दौरान सपा पर तीखे प्रहार किये और औरंगजेब की तारीफ करने वाले, महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आसिम आजमी को पार्टी से निकालने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी डॉक्टर लोहिया के विचारों से कितनी दूर भाग चुकी है। उन्होंने कहा कि आज राम, कृष्ण, शिव की परंपरा और भारत की विरासत को कोसना समाजवादी पार्टी का उद्देश्य है। ''दुर्भाग्य की बात है कि औरंगजेब को यह लोग अपना आदर्श मान रहे हैं। उन्होंने कहा, औरंगजेब के पिता शाहजहां ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि खुदा करे कि ऐसी औलाद किसी के यहां पैदा ना हो। उसने आगरा के किले में अपने बाप को कैद करके रखा, पानी के लिए तरसाया। शाहजहां



ने औरंगज़ेब को कोसते हुए लिखा है कि तुमसे अच्छा तो यह हिंदू है जो जीते जी अपने मां-बाप की सेवा करता है, और उनके मरने के बाद श्राद्ध और तर्पण के माध्यम से वर्ष में एक बार उनको जल देता है। तुम तो मुझे एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाते हो।'' उन्होंने कहा कि औरंगजेब पर गौरव करने वाले लोग पटना की खुदाबख्श लाइब्रेरी में जाकर एक बार शाहजहां की जीवनी पढ़ें तो उसकी पीड़ा का पता चलेगा। आदित्यनाथ ने यह भी कहा, जिनका आचरण औरंगजेब जैसा है वे लोग तो औरंगजेब पर गौरव की अनुभूति करेंगे ही। कोई भी सभ्य मुसलमान अपने पुत्र का नाम औरंगजेब नहीं रखता क्योंकि उसे मालूम है कि यथा नाम तथा काम। अगर ऐसा नाम रखेंगे तो एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ेगा। आदित्यनाथ के ऐसा कहने पर सपा सदस्यों ने आपत्ति जताई। तब मुख्यमंत्री ने महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आसिम आजमी का नाम लिए बगैर कहा, सपा का नेता, आपका विधायकज्. उसे निकालो पार्टी सेज्. और उसे एक बार उत्तर प्रदेश भेज दीजिए, बाकी उपचार हम अपने आप करवा लेंगे। उन्होंने कहा, जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज के परंपरागत गौरव की अनुभूति करने के बजाय लज्जा महसूस करे और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसको भारत में रहने का अधिकार होना चाहिए? सपा को इसका जवाब देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, एक तरफ आप कुंभ को कोसते रहे और दूसरी तरफ औरंगजेब का महिमामंडन करते हैं। आखिर आपकी ऐसी कौन सी नस दबी हुई है कि आप लोग अपने उस विधायक पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं? सपा को उसे बाहर निकाल देना चाहिए। गौरतलब है कि मुम्बई के मानखुर्द शिवाजी नगर सीट से सपा के विधायक अबू आसिम आजमी ने मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ करते हुए कहा था कि वह क्रूर शासक नहीं था और उसने कई मंदिर भी बनवाये थे। उन्होंने कहा था कि वह यह बात इतिहासकारों के हवाले से ही कह रहे हैं।

## 6 मार्च को उत्तराखंड का दौरा करेंगे पीएम मोदी, मुखवा में करेंगे मां गंगा की आरती

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को देवभूमि उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे, जहां वह मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर पूजा-अर्चना भी करेंगे। इसकी जानकारी बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दी। इसके साथ पीएमओ ने पीएम मोदी के देवभूमि के दौरे का पूरा शेड्यूल भी बताया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, पीएम मोदी 6 मार्च को उत्तराखंड के दौरे पर जाएंगे। सबसे पहले वह सुबह करीब 9.30 बजे मुखवा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी सुबह करीब 10.40 बजे एक पैदल यात्रा और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। फिर, वह हर्षिल में एक सार्वजनिक समारोह में जनसमूह



को संबोधित भी करेंगे। उत्तराखंड सरकार ने इस साल शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है। हजारों श्रद्धालु पहले ही गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ के शीतकालीन स्थलों की यात्रा कर चुके हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था, होमस्टे सहित पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा देना है। इससे पहले पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे थे, जहां उन्होंने सौराष्ट्र नगर स्थित प्राचीन श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। उन्होंने सोमनाथ मंदिर में मार्कण्डेय और ध्वज पूजा भी की थी। इसके अलावा पीएम मोदी ने गुजरात के जामनगर में वन्यजीव बचाव, पुनर्वास और संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया था। जहां पीएम मोदी शेरों की अलग-अलग प्रजातियों के साथ खेलते और दुलार करते दिखाई दिए थे।

## नीतीश ने तीन लाख ग्रामीण परिवार को आवास के लिए दिए 1200 करोड़

पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत तीन लाख परिवारों को प्रथम किस्त के रूप 1200 करोड़ रुपये की सहायता राशि का आज हस्तांतरण किया। श्री कुमार ने बुधवार को यहां एक, अण्णे मार्ग स्थित संकल्प से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत तीन लाख परिवारों को प्रथम किश्त के रूप में 1200 करोड़ रुपये की सहायता राशि का माऊस क्लिक कर एकमुश्त हस्तांतरण किया। उन्होंने कहा, जिन परिवारों को इसका लाभ मिला है उन्हें बधाई देता हूं। आज के इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये ग्रामीण विकास विभाग को भी बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को ठीक ढंग से क्रियान्वित करें ताकि लाभुकों को तुरंत लाभ मिले। उन्होंने कहा कि लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें। श्री कुमार को ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सर्वप्रथम सितंबर, 2024 में दो लाख 43 हजार 903 लक्ष्य प्राप्त हुआ था। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 27 जनवरी 2025 से पांच लाख 46 हजार 745 अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त है। इस तरह प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार को कुल सात लाख 90 हजार 648 लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभुकों को कुल 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि तीन किस्तों में आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। योजना में 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इस तरह 40 प्रतिशत अर्थात 48 हजार रुपये की राशि राज्यांश के रूप में लाभुकों को दी जाती है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 07 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 1.05 लाख लाभुकों को प्रथम किस्त की सहायता राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया था। इस पर 420 करोड़ रुपये का व्यय हुआ था। आज के इस कार्यक्रम में तीन लाख लाभार्थियों को 40 हजार रुपये की दर से प्रथम किस्त की राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया। इस पर कुल 1200 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। आगामी 100 दिनों में इन लाभुको को द्वितीय एवं तृतीय किशत के रुप में 80 हजार रुपये की दर से भुगतान किया जायेगा। साथ ही इन लाभुकों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) के माध्यम से 90 दिनों की अकुशल मजदूरी के रूप में 22,050 रुपये तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार रुपये की सहायता दी जायेगी। इस तरह प्रति लाभुक एक लाख 54 हजार 50 रुपये दिये जायेंगे। इस तरह इस कार्यक्रम में लाभान्वित हुए तीन लाख लाभुकों को अगले लगभग 100 दिनों में 4621.50 करोड़ रुपये प्राप्त होगा। इस अवसर पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं कुमार रवि, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, मनरेगा की आयुक्त अभिलाषा शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे जबकि जिलों से जिलाधिकारी एवं कुछ लाभुक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुये थे।

# संपादकीय

## मंगलमय हनुमानजी करते हैं मंगल दोष को दूर



मंगल दोष के प्रभाव स्वरूप घर में बिजली का सामान जल्दी जल्दी खराब होने लगता है, रक्त सम्बंधित बीमारियां होने लगती हैं। मंगल दोष से पीड़ित व्यक्ति में धैर्य की कमी होती है।

यह आजमाएं-

-मंगल दोष से पीड़ित जातक को छोटे भाई बहनों का ख्याल रखना चाहिए।

-मंगलवार के दिन हनुमानजी के चरण से सिन्दूर ले कर उसका टीका माथे पर लगाना चाहिए।

-बंदरों को गुड़ और चने खिलाने चाहिए।

-अपने घर में लाल पुष्प वाले पौधे या वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

यह बहुत गलत और दोषपूर्ण भ्रान्ति या अवधारणा में प्रचलित है। की 28 वें वर्ष के बाद मांगलिक दोष नहीं रहता। ग्रहों का सेनापति मंगलदेव 28 वें वर्ष में अपना शुभ फल प्रदान करता है यह सत्य है किन्तु अपनी दशा अन्तर्दशा, प्रत्यंतर दशा या गोचर में कभी भी अपना अशुभ फल प्रगट कर सकता है।

अत: 28 वें वर्ष के बाद मांगलिक दोष की समाप्ति या निवृति कभी नहीं होती। व्यर्थ की बातों या अफवाओं पर ध्यान ना देवें। मंगल दोष निवारण हेतु उपाय स्वरूप लाल वस्त्र ले कर उसमें दो मुठ्ठी मसूर की दाल बांधकर मंगलवार के दिन किसी भिखारी को दान करनी चाहिए और साथ ही समयानुसार उज्जैन आकर अंगारेश्वर महादेव पर गुलाल पूजन और भात पूजन करवानी चाहिए।

मंगल दोष होने पर ये न करें-

-यदि कुंडली में आपका मंगल पीड़ित है तो आपको क्रोध नहीं करना चाहिए।

-अपने आप पर नियंत्रण नहीं खोना चाहिए।

-मंगल दोष से पीड़ित को किसी भी चीज में जल्दबाजी नहीं दिखानी चाहिए और भौतिकता में लिप्त नहीं होना चाहिए।

क्या आप मंगल दोष से प्रभावित है?

यदि सोते समय आपकी आंखे थोड़ी थोड़ी खुली रहती है या आपका मुंह सोते वक्त खुला रहता है। सामने की तरफ सीधा देखने पर भी आंख का हीरा या कोर्निया थोड़ा उपर की तरफ हो या आंख के हिरे या कोर्निया की नीचे की सफेदी दिखती हो तो इसका मतलब आप मंगलीक है। ऐसे लोगो का मंगल कुंडली में 2, 4, 7, और 8 या 12वें घर में होता है। जिनका मंगल पीड़ित है उन्हें मंगलवार के दिन व्रत करना चाहिए और ब्राह्मण अथवा किसी गरीब व्यक्ति को भर पेट भोजन कराना चाहिए।

मंगल दोष या मंगल पीड़ित जातक को उज्जैन आकर अंगारेश्वर महादेव पर भात पूजन, गुलाल और गुलाब पूजन से विशेष अभिषेक पूजन करवाना चाहिए, तत्काल चमत्कारिक परिणाम मिलते हैं।

इसके साथ ही मंगल पीड़ित व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 10 से 15 मिनट ध्यान करना उत्तम रहता है। मंगल दोष से पीड़ित व्यक्ति जब भी अपना घर बनवाये तो उसे घर में लाल पत्थर अवश्य लगवाना चाहिए।

## 6 मार्च 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 06.47 प्रात-
सूर्यास्त- 06.28 सायं
सूर्य राशि- कुम्भ राशि में।
चंद्र उदय- 11.10 प्रात-
चंद्र अस्त- 1.27 रात्रि
चंद्रमा- वृषभ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना फाल्गुन -06 पूर्णिमांत महीना फाल्गुन-22 पक्ष-शुक्ल पक्ष-07 तिथि-सप्तमी प्रात- 10.50 तक बाद में अष्टमी,नक्षत्र- रोहिणी रात्रि- 12.05 तक बाद में मृगशिरा,योग-विषकुम्भ रात्रि- 08.29 तक बाद में प्रीति, करण-वणिज प्रात- 10.50 तक बाद में विष्टी रात्रि- 10.01 तक बाद में बव, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक,यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.14 से 01.01 तक, दुमुहूर्त प्रात- 10.41 तक 11.28 से 03.21 से 04.08 तक अमृत काल रात्रि- 09.01 से 10.33 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.10 से 05.58 तक।

## 6 मार्च 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- घर के लोग आपकी परवाह करेंगे, किसी कारण अस्पताल में भरती होना पड़ सकता है, बेंक का पैसा कम होगा।
भाग्य प्रतिशत-52

वृषभ- बौध्दिक कार्यो द्वारा आर्थिक उन्नति होगी, महत्वाकांक्षा पूरी होगी, अध्यापन राजनीति क्षेत्र में सम्मान मिलेगा, किसी केस से पीछा छुड़ाना चाहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-72

मिथुन- गांव की जमीन जायदाद का ध्यान रखें, कमर्शियल प्रॉपर्टी उठाने पहले एग्रीमेंट करें, सेहत के लिए अच्छा भोजन करें, नौकरी में चुनौती आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क- भाग्य का साथ कम मिलेगा, कोई कार्य मुफ्त में ना करें, डीलीवरी कार्य में लग सकते है, नए कार्य में इनवेस्ट करने से पहले विचार करें।
भाग्य प्रतिशत-50

सिंह- विवाह का प्रस्ताव मिलेगा, किसी झूठे इल्ज़ाम में फंस सकते है चौंकने रहे, निवेश किए पैसे को निकाल ले तो सुरक्षित रहेंगे।
भाग्य प्रतिशत-50

कन्या- ई-कॉमर्स के क्षेत्र में परिश्रम करना पड़ेगा, पैसा देने से पहले विचार करें, याददाशत में समस्या आ सकती है, विवाद से दूर रहे।
भाग्य प्रतिशत-50

तुला- मेनेजमेंट की परीक्षा में मुश्किल आ सकती है, पिता पुत्र में विरोध बढ़ सकता है, घर से अलगाव की भी स्तिथि आ सकती है ।
भाग्य प्रतिशत-48

वृश्चिक- सरकारी कार्य में कोई धांधली का विरोध करेंगे, प्रसिद्धि मिलेगी, पैसे को सोच समझकर ही खर्च करें, छोटे बच्चे का स्कूल में ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-60

धनु- घर से दूर जाना पड़ सकता है, क्लेश भी सम्भव है, ज़न संपर्क तो बढ़ेगा लेकिन लाभ होने में समय लगेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

मकर- लोगों से मिलना जुलना होगा, ऑनलाइन कार्य से फायदा होगा, खेल में कोई सम्मान मिलेगा, साहस बढ़ेगा, नाक गले में समस्या सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-54

कुम्भ- परिवार में किसी मसले को लेकर उलझन तनाव हो सकता है, किसी ऑपरेशन के लिए डॉक्टर कह सकते है, बच्चों को प्रगति में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-48

मीन- प्रेम प्रसंग से वैवाहिक जीवन दुष्कर हो सकता है, सही फैसले लेने का समय है, कुछ सीखने के लिए अच्छा समय है।
भाग्य प्रतिशत-50

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता अभियान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सिकंदराबाद (हितेश शर्मा)। नगर के जेएसपीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रम अधिकारी पुनीत यादव और स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने मोहल्ला झारखंडी में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता रैली निकाली। प्राचार्या प्रोफेसर स्वप्ना उप्रेती ने इस अभियान में भाग लेकर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ ली। बौद्धिक सत्र में डॉ. मुजफ्फर हुसैन ने महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की, वहीं डॉ. कृपा शंकर यादव ने अपने विचार साझा कर विषय की गंभीरता को रेखांकित किया।

## बुलंदशहर जिला न्यायालय की नई बिल्डिंग का वर्चुअल उद्घाटन, न्याय प्रक्रिया होगी और सुगम





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले में न्याय व्यवस्था को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 19 कोर्ट रूम वाली नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस भवन का उद्घाटन मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान न्यायमूर्ति जे.जे. मुनीर, प्रशासनिक न्यायाधीश बुलंदशहर ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनजीत सिंह श्यौरान की उपस्थिति में फीता काटकर भवन का औपचारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया।

न्यायमूर्ति प्रशासनिक जज बुलंदशहर का जनपद न्यायाधीश ने बुके देकर स्वागत किया और इसके बाद कोर्ट रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस नए भवन के बनने से न्यायाधीश, अधिवक्ता और वादकारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और लंबित मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।

इस भव्य आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, जिला एवं सिविल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, प्रोजेक्ट मैनेजर रंजीत कुमार सहित न्यायिक क्षेत्र से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गुरुकुल और आर्य समाज के सहयोग से संरक्षित रहेगी भारतीय संस्कृति- नवनीत गांधी





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नरौरा (हितेश शर्मा)। राजघाट स्थित महर्षि दयानंद आर्य गुरुकुल में एक विशेष शांति यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय संस्कृति और आर्य समाज परंपरा के महत्व को रेखांकित किया गया। यह आयोजन समाजसेवी नवनीत गांधी ने अपनी स्वर्गीय माता महादेवी गुप्ता (स्वतंत्रता सेनानी आश्रित एवं प्रधानाध्यापिका) की प्रथम पुण्य स्मृति में किया। कार्यक्रम के दौरान गुरुकुल के ब्रह्मचारियों और आचार्यों के सानिध्य में भव्य यज्ञशाला में शांति यज्ञ संपन्न हुआ, जिसकी अगुवाई यज्ञ ब्रह्मा विक्रम सिंह आर्य ने की। इस यज्ञ में आयुर्वेदिक औषधियों से निर्मित हवन सामग्री का उपयोग किया गया। नवनीत गांधी ने गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे ब्रह्मचारियों को ड्राइंग किट, पठन सामग्री, सात्विक भोजन, मिष्ठान और दक्षिणा वितरित की। उन्होंने कहा कि देश को पुन: भारतीय संस्कृति की ओर ले जाने में गुरुकुल और आर्य वैदिक परंपरा की अहम भूमिका होगी। इसके लिए जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ और पुण्य स्मृति जैसे अवसरों को गुरुकुलों में मनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे गुरुकुलों और आर्य समाज संस्थानों का सहयोग करें ताकि भारतीय संस्कृति को सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर नवनीत गांधी का परिवार, गुरुकुल के आचार्य, संन्यासी और अन्य विद्वान उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक मुकेश पंडित ने अर्चना पांडा पर लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बाहुबली विधायक गुड्डू पंडित की कथित पत्नी अर्चना पांडा के आरोपों पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मुकेश पंडित ने पलटवार किया है। बुधवार को पूर्व विधायक एसपी श्लोक कुमार सिंह से मिले और अर्चना पांडा के आरोपों की उच्च स्तरीय और एलआईयू जांच की मांग की। मुकेश पंडित ने अर्चना पांडा को मानसिक संतुलन खो चुकी महिला बताया और उन पर एक करोड़ रुपये की ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अर्चना पांडा और उनके साथी उनके परिवार की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि उनकी भाभी काजल शर्मा ने कभी अर्चना पांडा को देखा तक नहीं है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि अर्चना पांडा प्रसिद्धि पाने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं और उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रही हैं। इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उन्होंने एसएसपी से पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने का अनुरोध किया। एसएसपी श्लोक कुमार सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है और दोनों पक्षों द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## जनसेवा की मिसाल बनीं अंतुल तेवतिया, भारत सरकार ने किया सम्मानित





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जनकल्याण के लिए लीक से हटकर काम करने वाली बुलंदशहर की जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया को भारत सरकार ने राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देशभर की 25 प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश से केवल अंतुल तेवतिया को यह गौरव प्राप्त हुआ। स्वतंत्रता के बाद पहली बार 100 से अधिक गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने का ऐतिहासिक कार्य हो या 72 आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेकर उनके विकास की दिशा में पहल, अंतुल तेवतिया ने अपने कार्यों से शासन और जनता का ध्यान आकर्षित किया। गुड गवर्नेंस और महिला कल्याण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए उन्हें यह सम्मान मिला। सम्मान की खबर मिलते ही उनके समर्थकों और सहयोगियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बुलंदशहर लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया, जहां लोगों ने उनके कार्यों की सराहना की और बधाइयां दीं।

## गन्ना मूल्य बढ़ोतरी और भ्रष्टाचार के खिलाफ एनसीआर अध्यक्ष की बड़ी घोषणा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। एनसीआर अध्यक्ष चौधरी कुलदीप गुड्डू ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 मार्च 2025 को जिले में किसानों के हित में कई अहम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 11.30 बजे तहसील शिकारपुर में गन्ना मूल्य वृद्धि की मांग को लेकर गन्ना की होली जलाई जाएगी और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष, युवा जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे चित्सोन सलेमपुर बिजली घर पर एक पंचायत होगी, जिसमें विद्युत विभाग द्वारा किसानों से की जा रही अवैध वसूली और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की रणनीति तैयार की जाएगी। एनसीआर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंत में, दोपहर 2.00 बजे थाना सलेमपुर में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर एक बैठक आयोजित होगी, जिसमें थाना अध्यक्ष और क्षेत्राधिकारी शिकारपुर को आमंत्रित किया गया है। एनसीआर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों, किसान नेताओं, मातृशक्ति और पत्रकारों से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग करें।

## डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा हापुड़ जनपद का वार्षिक निरीक्षण एवं मासिक समीक्षा बैठक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ।डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने जनपद हापुड़ की स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) का वार्षिक निरीक्षण किया और मिशन शक्ति व ऑपरेशन कन्विक्शन से संबंधित मॉनिटरिंग सेल के कार्यों की गहन समीक्षा की। इसके बाद जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अभियोजन कार्यों की प्रगति और आगामी त्योहारों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक हापुड़ ज्ञानंजय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। निरीक्षण और समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपदीय एलआईयू प्रभारी आगामी त्योहारों के मद्देनजर कड़ी निगरानी बनाए रखें और जनपद में घटित होने वाली किसी भी छोटी से छोटी सांप्रदायिक घटना पर सतर्क दृष्टि रखते हुए उच्चाधिकारियों को समय से सूचित करें। विदेशी नागरिकों के आवागमन पर विशेष ध्यान दिया जाए और होटलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों से उनकी जानकारी समय पर संकलित की जाए। जनपद में विभिन्न जमातों के आगमन और बाहर जाने वाले लोगों की जानकारी एकत्र कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाए। एलआईयू द्वारा की जाने वाली जांच समय से पूरी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अभियोगों की प्रभावी पैरवी कर अधिक से अधिक दोषियों को सजा दिलाई जाए। पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कन्विक्शन पोर्टल पर सजा से संबंधित सभी विवरण नियमित रूप से अपलोड किए जाएं। सभी सम्मन और वारंट की समीक्षा पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक अनिवार्य रूप से करें। माननीय न्यायालय में विचाराधीन सबसे पुराने 100 मामलों की सूची तैयार कर शीघ्र गवाही पूरी कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकारी कर्मचारी गवाही देने में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। अभियोजन कार्यों को मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक के स्तर पर BNS, BNSS एवं ई-साक्ष्य के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया जाए। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। होली, नवरात्रि और ईद को लेकर पहले से गोष्ठी आयोजित कर आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं। सड़कों पर नमाज अदा न होने पाए, इसे सुनिश्चित किया जाए। पुराने विवादों की सूची तैयार कर निरोधात्मक कार्रवाई की जाए और विवादित स्थानों का चिन्हीकरण कर वहां पुलिस पिकेट लगाई जाए। शोभायात्राओं में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। बोर्ड परीक्षाओं के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए और सभी परीक्षा केंद्रों पर समय से ड्यूटी लगाकर नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित की जाए। ऑपरेशन शस्त्र के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए और इस संबंध में कठोर कार्रवाई की जाए। सभी क्षेत्राधिकारी हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की नियमित निगरानी करें और एनसीआरपी पोर्टल की समीक्षा जारी रखें। एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामलों की समीक्षा स्वयं करें और इन पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनपद में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और बरामदगी की संख्या बढ़ाई जाए। साइबर अपराध से संबंधित लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण साक्ष्य संकलन कर नए आपराधिक कानूनों के अनुसार विधिक कार्रवाई की जाए और सभी मामलों का समय से निस्तारण किया जाए। डीआईजी द्वारा दिए गए इन निर्देशों का उद्देश्य जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, अभियोजन प्रणाली को प्रभावी बनाना और त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा को बनाए रखना है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## बुलंदशहर में रोजगार मेले का हुआ आयोजन, 193 अभ्यर्थियों को मिला नौकरी का अवसर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल कैरियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 5 मार्च 2025 को एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह मेला एसबीएमटी कॉलेज, खुर्जा रोड, बुलंदशहर में आयोजित हुआ, जिसमें 11 निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटर, बीए, बीकॉम, बीसीए, बीबीए और एमबीए उत्तीर्ण 257 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरांत 193 अभ्यर्थियों को विभिन्न पदों के लिए चयनित किया गया, जिससे उन्हें रोजगार का सुनहरा अवसर मिला। इस अवसर पर जिला रोजगार सहायता अधिकारी आशीष सिंह, एसबीएमटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार, चेयरमैन प्रशांत गर्ग और अपर सांख्यिकीय अधिकारी आर.पी. सिंह ने प्रतिभागी अभ्यर्थियों को संबोधित किया। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला सेवायोजन कार्यालय और एसबीएमटी कॉलेज के पूरे स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह मेला जिले के युवाओं के लिए एक बड़ी पहल साबित हुआ, जिससे उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिला।

## त्यौहारों से पहले बुलंदशहर पुलिस अलर्ट, SSP ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) श्लोक कुमार ने आज 5 मार्च 2025 को कोतवाली नगर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। इस दौरान उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक नगर शंकर प्रसाद और सहायक पुलिस अधीक्षक नगर ऋजुल कुमार भी मौजूद रहे। गश्त के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विश्वास दिलाया और नागरिकों से अपील की कि वे त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि यदि कोई असामाजिक तत्व अफवाह या सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश करे तो तत्काल 112 नंबर या संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें। इस पैदल मार्च का उद्देश्य न केवल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना था, बल्कि लोगों में सुरक्षा का एहसास भी कराना था, जिससे त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराया जा सके।

## गुलावठी के मेन बाजार में खंभा शिफ्टिंग को लेकर दो व्यापारियों में विवाद, मची अफरा-तफरी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। बुलंदशहर के गुलावठी नगर में मेन बाजार में बिजली खंभा शिफ्टिंग को लेकर दो व्यापारियों के बीच विवाद हो गया, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। विवाद बढ़ने पर किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, जिसके बाद कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए व्यापारियों को समझाया और शांति व्यवस्था भंग करने वालों को कानून का पाठ पढ़ाया। कोतवाल ने पुलिसकर्मियों को बाजार में नियमों का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाद गाली-गलौज से शुरू हुआ था, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया।

## सरकारी अस्पताल जाने वाले रास्ते की बदहाली, मरीजों की जान पर खतरा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के डिबाई में तहसील के पीछे बने 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय तक पहुंचने वाला रास्ता बदहाल स्थिति में है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल जाने के लिए तहसील के पास अलीगढ़-अनूपशहर मार्ग से एक रास्ता जाता है, जिसमें कुछ हिस्सा पक्का बना हुआ है, लेकिन लगभग एक किलोमीटर का रास्ता अब भी कच्चा और गड्ढों से भरा हुआ है। बरसात के दौरान यह रास्ता कीचड़ और पानी से भर जाता है, जिससे टिररी आए दिन पलट जाती हैं और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में बड़ी मुश्किलें होती हैं। इलाके के ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला गया है। स्थानीय लोग बार-बार इस रास्ते को पक्का कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अस्पताल के गेट के सामने गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्वच्छता अभियान को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## बुलंदशहर में 21 मार्च से लगेगा जिला प्रदर्शनी मेला, तैयारियों को मिली रफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। जिले की बहुप्रतीक्षित जिला प्रदर्शनी के आयोजन की तिथि तय हो गई है। यह भव्य प्रदर्शनी 21 मार्च 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में 5 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार ने जानकारी दी कि यह प्रदर्शनी हर साल मार्च के पहले सप्ताह से अप्रैल के पहले सप्ताह तक आयोजित की जाती रही है और इसे अलीगढ़ प्रदर्शनी के बाद आयोजित करने की परंपरा है। समिति के सभी सदस्यों ने इस वर्ष 21 मार्च से 15 अप्रैल तक आयोजन करने का प्रस्ताव रखा, जिसे जिलाधिकारी ने मंजूरी दे दी। प्रदर्शनी के दौरान होने वाली बारिश के कारण संजय बाजार में जलभराव की समस्या पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने इस समस्या के समाधान के लिए नगर मजिस्ट्रेट को स्थलीय निरीक्षण कर संजय बाजार में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने जिला प्रदर्शनी में लगी खराब हाईमास्ट लाइटों की मरम्मत और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशांत कुमार, प्रदर्शनी समिति के सदस्य और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिला सूचना कार्यालय, बुलंदशहर द्वारा इस आयोजन की जानकारी साझा की गई।

## बुलंदशहर में ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार, भारी मात्रा में सामान बरामद

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। जिले में सक्रिय विद्युत ट्रांसफार्मर चोर गिरोह के तीन शातिर सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्वाट टीम और थाना खुर्जा देहात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन्हें 4-5 मार्च 2025 की रात दबोचा। आरोपियों के कब्जे से चोरी का 28 किलोग्राम कॉपर तार, 61 किलोग्राम कॉपर रिंग, घटना में प्रयुक्त एक टाटा कैंटर और दो अवैध तमंचे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में शहजान, असलम और इब्राहीम उर्फ बिल्लू कबाड़ी शामिल हैं। पूछताछ में शहजान और असलम ने स्वीकार किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ट्रांसफार्मर, उसके पार्ट्स और ऑयल चोरी करते थे। बरामद सामान वे कबाड़ियों को बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। इन आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। हाल ही में 4 फरवरी 2025 को खुर्जा देहात क्षेत्र में एक ट्रांसफार्मर से कॉपर और ऑयल चोरी करने की घटना में ये शामिल थे। इसके अलावा, 8-9 जनवरी को ग्राम चंदैरु और 22-23 जनवरी को सिकंदराबाद के करीम नगर कॉलोनी में भी इन्होंने इसी तरह की चोरी की थी। इन घटनाओं में उनके खिलाफ बिजली अधिनियम और अन्य धाराओं में केस दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम की इस बड़ी सफलता में स्वाट टीम प्रभारी राहुल चौधरी और थाना खुर्जा देहात प्रभारी मौ. असलम सहित कई अन्य पुलिसकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई।

## बुलंदशहर में पोखर पर अवैध कब्जे की कोशिश नाकाम, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



औरंगाबाद/बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के औरंगाबाद कस्बे में बड़े तालाब (पोखर) पर अवैध कब्जे की कोशिश को प्रशासन ने नाकाम कर दिया। उप जिलाधिकारी (सदर) नवीन कुमार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल प्रभाव से डंपरों द्वारा किए जा रहे अवैध भराव को रुकवा दिया। एसडीएम ने सख्त आदेश दिए कि जब तक पोखर की पैमाइश पूरी नहीं हो जाती, तब तक कोई भी गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। गाटा संख्या 1532 पर कब्जे की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन हरकत में आया और नायब तहसीलदार औरंगाबाद ललित नारायण प्रशांत के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम को मौके पर भेजा। टीम ने जांच-पड़ताल कर अवैध भराव को तुरंत रोक दिया और कब्जा करने वालों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि दोबारा ऐसी कोशिश हुई तो सख्त कार्रवाई होगी। नायब तहसीलदार ने नगर पंचायत कर्मचारियों की लापरवाही पर नाराजगी जताई और पूछा कि जब भूमाफिया कब्जा करने की कोशिश करते हैं तो तत्काल पुलिस की मदद लेकर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना पर तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित किया जाए। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि गाटा संख्या 1532 की जल्द ही पैमाइश कराई जाएगी और जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक यथास्थिति बनी रहेगी। किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जे की कोशिश करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

## एनएसएस शिविर में बांस की खेती को मिला बढ़ावा, छात्रों ने सीखे नए कौशल

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के अमर सिंह महाविद्यालय, लखावटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की द्वितीय इकाई द्वारा बुधवार को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने स्वयंसेवकों को बांस और लकड़ी से उत्पाद बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में राष्ट्रीय बांस अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई और बांस की खेती के फायदे बताए गए। छात्रों को बताया गया कि बांस से पर्यावरण संरक्षण, मृदा संरक्षण और कार्बन पृथक्करण में मदद मिलती है, साथ ही इससे आर्थिक लाभ भी कमाया जा सकता है। स्वयंसेवकों ने इस दौरान बांस से विभिन्न उपयोगी वस्तुएं बनाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

## गुलावठी में वार्ड सभासद पर फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। बुलंदशहर के गुलावठी क्षेत्र में वार्ड नंबर 16 के सभासद गिरीश उर्फ गगन प्रजापति पर फायरिंग का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, सभासद एक समझौता कराकर घर लौट रहे थे, तभी उनके आवास के पास दो लोगों ने उनसे गाली-गलौज और हाथापाई की, फिर उन पर गोली चला दी। सभासद ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर पुलिस हरकत में आई और कोतवाली में सभासद ने नामजद तहरीर दे दी।

कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने बताया कि घटनास्थल से बरामद खोखे की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन जांच जारी है।

## खुर्जा में मिलावटी तेल का भंडाफोड़, 1.50 लाख रुपये का स्टॉक सीज





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 5 मार्च 2025 को सिटी स्टेशन रोड, खुर्जा स्थित आदर्श फूड इंटरनेशनल की नमकीन निर्माण इकाई पर छापेमारी की। जांच के दौरान फैक्ट्री में गंदगी के बीच नमकीन तैयार किया जा रहा था, जिसे देखते हुए अधिकारियों ने तुरंत उत्पादन रुकवा दिया। निरीक्षण में बड़ी मात्रा में संदिग्ध सोयाबीन रिफाइंड तेल के टीन पाए गए, जिन पर न तो मैन्युफैक्चरिंग डेट थी और न ही एक्सपायरी डेट। जांच करने पर सामने आया कि पुराने टीनों में नया तेल भरकर उन पर डबल स्टीकर लगाए गए थे। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए 56 टीन (प्रत्येक 15 किलोग्राम) तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपये थी, जब्त कर लिया गया। इसके अलावा, नमकीन निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य सामग्रियों—बेसन, नमकीन सेव, अजवाइन, मैदा, मूंगफली दाना और तैयार नमकीन के नमूने भी जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खराब स्वच्छता और संदिग्ध तेल का उपयोग करने पर फैक्ट्री को नोटिस जारी किया गया है। वहीं, प्रशासन ने सभी क्षेत्रों में कड़ी निगरानी और मिलावटखोरों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इस छापेमारी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज वर्मा, कमलेश कुमार, सुनील कुमार सिंह और राम मिलन राना शामिल रहे।

## बुलंदशहर में मिशन शक्ति अभियान, महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जिले में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। 5 मार्च 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति और एंटी रोमियो पुलिस टीमों ने जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। अभियान के दौरान टीमों ने बालिकाओं और महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया, बल्कि उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102 आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा, उन्हें आत्मरक्षा के टिप्स, गुड टच और बैड टच की पहचान करने की समझ भी दी गई। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिले में इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा की भावना को और मजबूत किया जा सके।

## भूमाफियाओं की नहीं चलेगी चाल, एसडीएम ने खुद संभाला मोर्चा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के औरंगाबाद कस्बे में अजीजाबाद रोड स्थित बड़े तालाब पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने के लिए एसडीएम सदर नवीन कुमार ने खुद मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पंचायत को सख्त निर्देश दिए कि जब तक तालाब की पैमाइश पूरी नहीं हो जाती, तब तक किसी भी तरह की गतिविधि पर रोक रहेगी। इससे पहले, मंगलवार की रात राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने अवैध कब्जे की साजिश को नाकाम कर दिया था। भूमाफिया डंपरों से मिट्टी भरकर तालाब को पाटने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई कर कब्जा रोक दिया। इस मामले की शिकायत कई सभासदों ने की थी और मीडिया में भी यह मुद्दा सुर्खियों में रहा। एसडीएम सदर ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर, लेखपाल उमेश वर्मा और नगर पंचायत के अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## पहासू में वाहन चेकिंग के दौरान कार चालक ने की पुलिसकर्मियों को कुचलने की कोशिश, बाल-बाल बचे अधिकारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




पहासू (सैय्यद मजहर)। बुलंदशहर के पहासू थाना क्षेत्र में अलीगढ़ चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ा हादसा टल गया। चेकिंग में तैनात तीन दरोगा और दो सिपाहियों पर एक कार चालक ने तेज रफ्तार में गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की, जिससे पुलिसकर्मियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। घटना के बाद पुलिस टीम में हड़कंप मच गया, लेकिन सतर्कता बरतते हुए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को भी सूचित कर आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

## गुलावठी में मकान बंटवारे को लेकर मारपीट, छोटे भाई ने बड़े भाई पर लगाया हमला करने का आरोप

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी के निकटवर्ती ग्राम खुशहालपुर में मकान के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। छोटे भाई ने आरोप लगाया कि बड़े भाई ने अपने बेटों के साथ मिलकर उसे और उसकी पत्नी को लाठी-डंडों से पीटा। घटना उस समय हुई जब पीड़ित दंपति ड्यूटी से लौट रहा था। आरोप है कि हमलावरों ने न केवल मारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस संबंध में छोटे भाई ने बड़े भाई, दोनों भतीजों और भाभी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सिंभावली पुलिस ने 11 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के गिरोह का पर्दाफाश किया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेंद्र कुमार ) जनपद में अपराध नियंत्रण और चोरों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिंभावली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ग्राम बक्सर स्थित कृषि फार्म हाउस में हुई चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए 11 शातिर चोरों को वेट नहर पटरी के पास से गिरफ्तार किया है। यह गिरोह लंबे समय से सुनसान इलाकों, बंद फैक्ट्रियों और फार्म हाउसों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता आ रहा था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान तालिब, धर्मेंद्र, अनीश, फखरुद्दीन, शोएब, शादाब, राशिद, अब्दुल खालिद, नोमान, अशरफ और रोशन के रूप में हुई है। इनमें से कई अभियुक्त मेरठ, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, नोएडा और बिहार के विभिन्न जिलों से जुड़े हुए हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी अपराधी चोरी करने में माहिर हैं और पहले भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। प्रेस वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में से धर्मेंद्र और अनीश के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि अन्य अभियुक्तों के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सुनसान जगहों की रैकी करता था और जब मौका मिलता, तो चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। इनके पास से चोरी का सामान बेचकर प्राप्त किए गए 12,000 रुपये नकद, एक इनवर्टर, एक बैटरी, 20 सिलाई मशीनें, दो इंटरलॉक मशीनें, 26 छोटे-बड़े धागे लपेटने के रोलर, 12 लोहे की रोड और अन्य सामान बरामद किया गया है। इसके अलावा, चोरी की वारदातों में इस्तेमाल किए गए एक बोलेरो पिकअप, एक आई10 कार और तीन तमंचे भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार चोरों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वे योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। वे पहले उन जगहों की निगरानी करते थे जहां सुरक्षा के इंतजाम कम होते थे। इसके बाद मौका देखकर वहां से महंगे सामान चोरी कर लेते थे और फिर उसे बेचकर पैसे हासिल करते थे। चोरी का सामान अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखा जाता था ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। पुलिस द्वारा इस गिरोह की गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता माना जा रहा है, क्योंकि हाल ही में इस इलाके में चोरी की कई घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें इस गिरोह का हाथ होने की संभावना जताई जा रही थी। पुलिस अब इन अपराधियों के अन्य साथियों और नेटवर्क की तलाश कर रही है, जिससे इस तरह की चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। थाना सिंभावली पुलिस की इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली है और क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाया गया प्राकृतिक होली का रंग

## होली खेलने के लिए प्राकृतिक रंगों का करें अधिक से अधिक प्रयोग






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा होली पर प्राकृतिक तरीकों से हर्बल गुलाल बनाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूह की दीदियों को इसके लिए बधाई दी है तथा उनसे हर्बल गुलाल भी क्रय किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह गुलाल पूर्णत: ऑर्गेनिक व बिना केमिकल से बनाए गए हैं जो की हस्त निर्मित भी है मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए की स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा बनाए गए प्राकृतिक गुलाल रंग को विक्रय करने हेतु जनपद की समस्त तहसीलों एवं ब्लॉक स्तर पर स्टॉल लगवाना सुनिश्चित करें जिससे स्वयं सहायता समूह की दीदीयों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके एवं शासन की मंशा अनुरूप होली के पर्व को प्राकृतिक रंगों से मनाया जा सके

# ए० एन० एम० स्टाफ को क्षय रोग के विषय में पढ़ाया पाठ




**100 दिवसीय सघन टी० बी० खोजी अभियान में बढ़ाए अपनी सहभागिता डॉ राकेश यादव चिकित्सा ( अधीक्षक कोठी गेट अस्पताल )**

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़-(पुष्पेन्द्र कुमार) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी जी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह के नेतृत्व में पी0 पी0 सी0 कोठी गेट अस्पताल के सभागार में आज ए0 एन0 एम0 स्टाफ को क्षय रोग के लक्षण उपचार व निदान के विषय में पढ़ाया गया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राकेश कुमार यादव ने सभी ए0 एन0 एम0 बहनों से जनपद में चल रहे सो दिवसीय सघन टीवी खोजी अभियान में अपनी सहभागिता बढ़ाने का निर्देश दिया साथ ही जिला पी0 पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी द्वारा बताया गया की आपके कार्य क्षेत्र में जितने भी उच्च जोखिम वाले व्यक्ति जैसे 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति अथवा कैंसर पीड़ित किडनी रोग से पीड़ित मधुमेह से पीड़ित या अन्य किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को आपको स्क्रीन करना है यदि उसे व्यक्ति में क्षय रोग के लक्षण जैसे की दो सप्ताह से अधिक की खासी खांसी में बलगम आना बलगम में खून का आना छाती में दर्द रहना हल्का बुखार रहना भूख कम लगना वजन का घटना या शरीर के किसी अंग में गांठ का हो जाना आदि लक्षण पाए जाते हैं तो उसे व्यक्ति की बलगम जांच नाट मशीन द्वारा कराई जानी है और यदि व्यक्ति में इस प्रकार के लक्षण नहीं पाए जाते हैं तो उसे व्यक्ति का एक्स-रे जांच करना आवश्यक है जनपद की जनपद की कुल आबादी का 20ल उच्च जोखिम वाली जनसंख्या में चयनित किया गया है यह सभी कार्य आने वाली 24 मार्च से पहले पूर्ण करा कर रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जाएगी एवं 24 मार्च 2025 को विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का समापन होगा इस अवसर पर वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक दीपक कुमार एवं टी0 वी0 एच0 वी नासिर अली, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश व सहायक शोध अधिकारी ज्योति चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# शौर्य शक्ति फाउंडेशन द्वारा ऐतिहासिक महिला सम्मान समारोह का आयोजन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र में कुचेसर रोड चौपाल पर 5 मार्च को शौर्य शक्ति फाउंडेशन के नेतृत्व में एक भव्य और ऐतिहासिक महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों महिलाओं ने भाग लिया। शौर्य शक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया कि संगठन पिछले 10 वर्षों से लगातार महिला सम्मान समारोह आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें समाज में सम्मानित स्थान दिलाना है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं ने हिस्सा लिया और ग्रामीण क्षेत्र की 5000 से अधिक महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। शौर्य शक्ति फाउंडेशन से वर्तमान में 20,000 से अधिक महिलाएं सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं, जो समय-समय पर संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेती हैं। इस विशेष अवसर पर समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव, भारत की एकमात्र ऑस्कर विजेता स्नेहा तंवर, शौर्य शक्ति फाउंडेशन की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष आकांक्षा शर्मा, प्रसिद्ध समाजसेविका प्रीति शर्मा, गाजियाबाद की ज्योति पचौरी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव उपस्थित रहे। इन गणमान्य व्यक्तियों ने महिलाओं का मार्गदर्शन किया और उनकी हरसंभव मदद करने का वादा किया। शौर्य शक्ति फाउंडेशन ने इस समारोह के माध्यम से 1000 महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महिला उत्थान के क्षेत्र में निरंतर कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इसके अलावा, संगठन गढ़मुक्तेश्वर में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर लगातार कार्यरत है। अब तक, गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा में 40 से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से 25,000 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, आशुतोष शर्मा, आकांक्षा शर्मा, अंकित भढ़ाना, विंदर कश्यप, विक्रम गुर्जर, श्रवण शर्मा, विजेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, अंकित कौशिक और आशा शर्मा समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# डीवी ग्रुप के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

## 195 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग, 47 छात्र-छात्राओं का चयन जॉब ऑफर लेटर किया प्रदान




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़/एनसीआर (पुष्पेन्द्र कुमार) जेएमएसआईटी ने डीवी ग्रुप के सहयोग से एक कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य संस्थान के छात्र-छात्राओं को बेहतरीन करियर के अवसर प्रदान करना और 100% प्लेसमेंट सुनिश्चित करना था। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बी.टेक, बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए एवं अन्य स्नातक कोर्स के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डीवी ग्रुप द्वारा दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के विभिन्न पदों के लिए आयोजित चयन प्रक्रिया में 195 छात्र-छात्राओं ने अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई, जिसमें पहले चरण में ग्रुप डिस्कशन और दूसरे चरण में पर्सनल इंटरव्यू शामिल था। पहले चरण में सभी 195 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें से 70 उम्मीदवारों को अंतिम चरण के लिए चयनित किया गया। पर्सनल इंटरव्यू के बाद 47 छात्र-छात्राओं का एक ही दिन में चयन किया गया और उन्हें तुरंत जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है कि एक ही दिन में इतने अधिक उम्मीदवारों का चयन हुआ। जेएमएसआईटी गाजियाबाद के सचिव, डॉ. हिमांशु सिंहल ने डीवी ग्रुप को इस प्लेसमेंट ड्राइव के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विशेष रूप से डीवी ग्रुप के चीफ सिस्टम एश्योरेंस ऑफिसर चंदन यादव, हेड ऑफ स्टेशन ऑपरेशन गौरव कंसल, लीड ऑफ रिक्रूटर्स मिस सृष्टि जैन और लीड रिक्रूटर मिस पारुल अग्रवाल को उनके महत्वपूर्ण सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि डीवी ग्रुप की टीम के साथ काम करना संस्थान के लिए एक शानदार अनुभव रहा और भविष्य में भी यह साझेदारी जारी रहेगी, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतरीन करियर अवसर मिलते रहेंगे।

संस्थान के निदेशक, प्रो. डॉ. अनिरुद्ध बिस्वास, एवं प्राचार्य, प्रो. डॉ. प्रवीण गुप्ता ने सफल उम्मीदवारों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य प्राप्त करते हुए अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन करें।

# मोनाड विश्वविद्यालय के बी.टेक कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्रों ने आईआईटी दिल्ली सोनीपत कैंपस में ड्रोन स्किल ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पुरी की गई






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़।(पुष्पेन्द्र कुमार) मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बी.टेक कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र धीरेज कुमार, निशांत, सुशील सागर, आकाश और आशीष ने 22 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक आईआईटी दिल्ली सोनीपत कैंपस, खेवड़ा स्थित आईसी ड्रोन टेक्नोलॉजी पार्क में आयोजित दस दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं रेज़िडेंशियल ड्रोन स्किल टेक्नो-एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अवसर पर वि0वि0 के प्रतिकुलाधिपति डॉ0 एन0के0 सिंह, कुलपति डॉ0 मोहम्मद जावेद, उपकुलपति (प्रशासनिक) प्रो0 योगश पाल सिंह, उपकुलपति (अकादमिक) डॉ0 जयदीप कुमार एवं उपकुलपति (प्रवेश) रोहित शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ड्रोन टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। इस प्रशिक्षण का संचालन कृतिका श्रीनिवासन, इम्तियाज और आदित्य भारती ने किया। इस प्रशिक्षण में छात्रों को ड्रोन के प्रकार और उनके घटक (पार्ट्स), ड्रोन असेंबली तकनीक और समस्या समाधान, विभिन्न प्रकार के सेंसर और उनके कार्य आर्डुइनो का परिचय, इसका उपयोग, कार्यप्रणाली और वास्तविक दुनिया में इसके अनुप्रयोग, ड्रोन टेक्नोलॉजी में एंटरप्रेन्योरशिप के अवसर उद्योग में करियर और बिज़नेस संभावनाओं की जानकारी पूरे कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने प्रैक्टिकल सेशंस में भाग लिया और यह सीखा कि ड्रोन को कैसे डिज़ाइन, प्रोग्राम और विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किया जाता है, जैसे कि कृषि, रक्षा, निगरानी और आपदा प्रबंधन। प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद, सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र और E88 प्रो ड्रोन किट प्रदान की गई, जिससे वे आगे इस तकनीक पर काम कर सकें और नए इनोवेशन को अंजाम दे सकें। पूरे कार्यक्रम का समन्वय विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशंस विभाग के विभागाध्यक्ष अमित चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संकायाध्यक्ष विकास त्यागी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी और उन्हें रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए इनोवेशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रैक्टिकल लर्निंग और टेक्नोलॉजी इनोवेशन के महत्व पर जोर दिया, जिससे भविष्य के इंजीनियर और उद्यमी तैयार हो सकें। इस अवसर पर स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के समस्त शिक्षकों ने भी छात्रों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पवित्र गंगा जल से भरी गाड़ियों को दमकल विभाग ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़(पुष्पेन्द्र कुमार) बुधवार को महाकुंभ का आयोजन सम्पन्न हो चुका था और विदेशो सहित पूरे देश भर के करोड़ो श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई थी लेकिन जो लोग किसी कारण से प्रयागराज महाकुंभ संगम में स्नान नहीं कर पाए है उत्तर प्रदेश सरकार ने दमकल विभाग की गाड़ियों के माध्यम से महाकुंभ संगम का पवित्र जल जनपद हापुड़ में पहुंचाया है। दमकल की गाड़ियों में भरे पवित्र जल का वितरण किया जा रहा है जिससे महाकुंभ स्नान का पुण्य सभी को मिल सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रयागराज महाकुंभ संगम का गंगा जल दमकल विभाग की गाड़ी से हापुड़ जनपद में लाया गया है। गाँव के हर एक व्यक्ति को पवित्र जल मिल सके इसी उद्देश्य को लेकर अधिकारियो ने गंगा जल से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। गाड़ियों से भेजा गया गंगाजल गाँव-गाँव में भेजा जा रहा है और ग्रामीणो को वितरित किया जा रहा है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 35 नवजात बच्चियों को वितरित की बेबी किट




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के निर्देशानुसार प्रस्तावित कार्यक्रम महिला कल्याण विभाग द्वारा नारी सुरक्षा नारी स्वावलंबन नारी सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति फेज 5 के तहत बेटियों के हक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ में किया गया। जिसमें लगभग 35 बच्चियों के माता पिता को बेबी किट देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का प्रसार प्रचार कर पंपलेट बांटे गए। जिसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेश चंद्र, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक मशरूक अहमद ,सोनिया वन स्टॉप सेंटर व मैनेजर सोनिया केस वर्कर विजयलक्ष्मी उपस्थित रहे।

# नेशनल हाईवे 9 पर झुका हुआ विधुत खंभा हादसे को दे रहा न्योता

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्य शैली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक हाई टेंशन 11 हजार पावर की लाइन का विद्युत खंभा उखड़ कर नेशनल हाईवे 9 की तरफ झुका हुआ है। जो कि किसी बड़ी हादसे को न्योता दे रहा है और विद्युत विभाग के अधिकारियों को इंतजार है। किसी बड़ी दुर्घटना होने का शायद तभी टूटेगी विद्युत विभाग के अधिकारियों की कुंभकरण की नींद। आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र अंतर्गत स्याना चौराहे के पास फ्लाई ओवर समाप्त होने से चांद मीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे 9 की सर्विस रोड पर एक 11 हजार वोल्ट हाई टेंशन विद्युत खंभा उखड़कर टिका हुआ है। जो विद्युत विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आ रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारीयों को इंतजार हैं किसी बड़े हादसे होने का।

# दलित मलिन बस्तियों के बहार सर्विस रोड पर सड़क बनी तालाब




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ (पुष्पेन्द्र कुमार) नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 11 मे मोहल्ला हरजसपुरा,लक्ष्मणपुर व कवि नगर में दलित मलिन बस्तियों के बहार एक हफ्ते से नालों की सफाई व्यवस्था ना होने के कारण कूड़ा अटकने के बाद नालो का पानी सड़कों पर आ चुका है जिस कारण सर्विस रोड सड़क बनी तालाब,राहगीर सहित स्कूली बच्चे हुए परेशान नगर पालिका परिषद हापुड़ कब लेगी संज्ञान,शादी समारोह का माहौल। मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका परिषद हापुड़ के खिलाफ विरोध जताते हुए बताया कि सर्विस रोड पर नाले का पानी भर जाने पर ऑफिस कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि शादी का माहौल है और सभी मोहल्ले में बरतों का आना और जाना लगा हुआ है साथ ही प्रतिदिन राहगीरों व छोटे छोटे स्कूली बच्चे भी परेशान हो रहे हैं नगर पालिका परिषद हापुड़ कब लेगी संज्ञान, जहां नगर पालिका परिषद हापुड़ के चीफ साहब आवेश कुमार द्वारा अवगत कराया तो उन्होंने कहा कि अभी मशीन कहीं और लगी हुई है जैसे ही वहां से हटेगी तो हम सफाई के यहां पर लगा देंगे लेकिन मामला आज का ही नहीं है एक हफ्ते से यहां इसी तरह पानी भरा हुआ है सिर्फ नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा नालो की कूड़े को लेकर सफाई की जा रही है लेकिन नालों की सफाई के लिए मशीन नहीं लगाई है।

## ढाई लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे इतिहास की परीक्षा




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।यूपी बोर्ड की 2025 परीक्षा में बुधवार को दोपहर दो से 5ः15 बजे की दूसरी पाली में 2,56,456 विद्यार्थी इतिहास विषय की परीक्षा में शामिल होंगे। पहली पाली में हाईस्कूल के विषय मानव विज्ञान में 91 एवं इंटरमीडिएट के उर्दू, गुजराती, पंजाबी, बंगला, मराठी, असमी, उड़िया, कन्नड़, सिन्धी, तमिल, तेलुगू, मलयालम व नेपाली में 22,419, कुल 22,510 छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराई गई। दूसरी पाली में हाईस्कूल के विषय एनसीसी में 97 तथा इंटरमीडिएट इतिहास में 2,56,456, कुल 2,56,553 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इस प्रकार बुधवार की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 279063 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

## महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।वात्सल्य सेवा समिति की ओर से मंगलवार को सरोजनी नायडू मार्ग स्थित मलिन बस्ती में स्वस्थ नारी सशक्त समाज के तहत महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। अस्पताल की निदेशक डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि बच्चेदानी के कैंसर से बचाव और उपचार की जानकारी दी। छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली और पोषक तत्वों के बारे में जागरूक किया गया। डॉ कीर्तिका ने कहा कि समिति की प्रयास है जो सभी महिलाएं अपनी सेहत को प्राथमिकता मिले और स्वच्छता से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करें।

## होली पर फ्लाइट्स में किराए ने तोड़े रिकॉर्ड



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)।ट्रेन में सीट न मिलने पर लोग फ्लाइट का रुख करते हैं, लेकिन यहां भी हालात कुछ खास बेहतर नहीं हैं। फ्लैक्सी फेयर की वजह से किराया दो से चार गुना तक बढ़ गया है, जिससे मध्यम वर्ग के लिए हवाई सफर भी मुश्किल हो गया है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसी प्रमुख जगहों के लिए फ्लाइट्स की मांग इतनी बढ़ गई है कि किराया लगातार बढ़ाया जा रहा है। खासकर उन लोगों के लिए मुश्किल हो रही है, जिन्हें मेडिकल इमरजेंसी या जरूरी पारिवारिक वजहों से सफर करना है। महाकुम्भ के दौरान कई शहरों की सीधे कनेक्टिवटी थी लेकिन अब ये सुविधा खत्म हो गई है। इसके कारण वाया दिल्ली का टिकट मिल रहा है। पुणे से होली पर आने वाले अभय का कहना है कि प्रयागराज के लिए सीधी फ्लाइट नहीं मिल रही है। वाराणसी या लखनऊ से होकर आने पर कई गुना किराया बढ़ जा रहा है। हैरानी की बात ये है कि अगर लखनऊ भी फ्लाइट से जाना चाहें तो वाया दिल्ली होकर जाना पड़ेगा और पांच से 10 गुना किराया देना पड़ेगा।प्रयागराज से लखनऊ (वाया दिल्ली)- पांच मार्च को ₹13,000, छह मार्च को ₹17,825 ।प्रयागराज से दिल्लीः 14 मार्च को ₹5,000, 15 मार्च को ₹7,617, 16 मार्च को ₹9,007, 17 मार्च को ₹17,017 प्रयागराज से बेंगलुरु- 6 मार्च को ₹13,102, 7 मार्च को ₹9,427, 13 मार्च को ₹8,022, 15 मार्च को ₹10,582। प्रयागराज से मुंबईः 5 मार्च को ₹8,705, 6 मार्च को ₹9,727, 7 मार्च को ₹7,432, 15 मार्च को ₹6,800 ।प्रयागराज से पुणेः 6 मार्च को ₹14,195, 7 मार्च को ₹12,168, 13 मार्च को ₹9,770, 14 मार्च को ₹10,667। कोट- महाकुम्भ के दौरान कई शहरों से हवाई कनेक्टिविटी हुई थी। एक दिन में 27 हजार से अधिक यात्रियों ने सफर किया। 28 फरवरी के बाद से यह सुविध खत्म हो गई। होली पर अतिरिक्त हवाई सेवा की सूचना अभी नहीं है।

## भाषण प्रतियोगिता में सना खान अव्वल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।।अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तहत मंगलवार को राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने दहेज प्रथा, बाल विवाह और वृद्धाश्रम की समस्या पर विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में बीयूएमएस बैच-2021 की सना खान को पहला और बीयूएमएस बैच-2023 की कनीज फातिमा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में डॉ. कमरुल हसन लारी, डॉ. बुशरा आफताब और डॉ. ओसामा अहमद रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वसीम अहमद ने किया। प्रो़ जिया बेग, डॉ. खुर्शीद आलम, डॉ. सबा इमदाद, प्रो़ मुहम्मद आसिफ हुसैन उस्मानी, डॉ. फरजाना, डॉ. तहसीन मौजूद रहे।

## प्रयागराज शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में दिनरात खनिज संपदा लादकर फर्राटा भर रहे अवैध ट्रैक्टर ट्राली ने ले ली एक महिला की जान,



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)। थाना शंकरगढ़ अंतर्गत अपने भतीजे के साथ मोटरसाइकिल से बढ़ैया गांव निमंत्रण में जा रही महिला की रास्ते में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जबकि भतीजा घायल हो गया। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर बघला मार्ग पर अमिलिहाई गांव के पास की है। लालापुर थाना क्षेत्र के सिरवैया गांव की सविता सिंह 45 वर्ष पत्नी राजेंद्र सिंह अपने देवर के लड़के अंशुमान सिंह के साथ मोटरसाइकिल से बढ़ैया गांव रिश्तेदारी में जा रही थी। वह जैसे ही अमिलिहाई गांव के पास पहुंचे ही थे, कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार सिल्का सैण्ड ओवर लोड लदे ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर मार दी।जिससे सविता ट्रैक्टर के नीचे आ गई तथा ट्रैक्टर का पहिया उसके सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अंशुमान छिटक कर दूसरीओर गिर गया तथा घायल हो गया। जबकि ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। अंशुमान ने घटना की जानकारी अपने भाई विनोद को दी। वह तुरंत मौके पर आकर ट्रैक्टर को रोका तब तक ट्रैक्टर मालिक बबलू भारतीय अपने दो-तीन साथियों के साथ आया तथा विनोद से मारपीट कर जबरदस्ती ट्रैक्टर को उठा ले गया। घटना की जानकारी शंकरगढ़ पुलिस को होने पर वह तत्काल मौके पर जाकर लाश तथा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले आई। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया,जहां घायल अंशुमान को प्राथमिक उपचार के बाद बेली अस्पताल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया। सविता के पति राजेन्द्र सिंह ने ट्रैक्टर चालक तथा मारपीट करने वालों के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दी है। घटना के लगभग चार घंटे बाद बारा एसीपी आए तो लोगों का ग़ुस्सा फूट पड़ा। उपस्थित समूह एसीपी बारा मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे।उधर थानाध्यक्ष ट्रैक्टर को खाली थाने उठा लाए। बाद में परिजनों के दबाव होने पर देर शाम सिलिका सैण्ड लदे ट्रैक्टर ट्राली को बरामद कर थाना शंकरगढ़ ले गये। जबकि वायरल वीडियो में ट्रैक्टर ट्राली में सिलिका सैंड भरा है। परिजन लाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के गेट के सामने पर परिजनों ने शव रखकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों की मांग है, कि जब तक चालक सहित मारपीट करने वालों को खबर लिखे जाने तक गिरफ्तार नहीं किया जाता है। तब तक हम लाश नहीं उठने देंगे। मृतका के कोई बच्चे नहीं थे।राजेंद्र सिंह की पहली पत्नी के केवल एक लड़की है। सविता की मौत से उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस के आश्वासन पर पर रात को शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।

## दम घोंटकर बालिका को मारा, रेप की आशंका- डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, स्लाइड आगे की जांच को भेजा, तीन हिरासत में

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।करछना इलाके में 8 साल बच्ची की हत्या मुंह दबाकर की गई। नाक और मुंह दबाने से उसकी सांसें थम गईं। हत्या के इस सनसनीखेज मामले में पुलिस बालिका की सौतेली दादी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही गांव में तीन युवकों को उठाया गया है। बालिका के शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के पैनल ने किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। बालिका से रेप की भी आशंका है। ऐसे में स्लाइड को सुरक्षित कर पुलिस जांच करा रह है। आगे की जांच को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा। बालिका के शरीर पर चोट के कई निशान मिले हैं। यही वह है कि सौतेली मां पर शक के साथ ही पुलिस टीमें गांव के युवकों से लंबी पूछताछ कर रही हैं।करछना थाना क्षेत्र के भिटार गांव के रहने वाले युवक की आठ साल की मासूम बेटी का शव सोमवार गेहूं के खेत में मिला था। तब पुलिस ने हत्या की आशंका जताई थी। बालिका को मारने के लिए किसी हथियार का इस्तेमाल नहीं किया गया था इसलिए पुलिस साफ तौर पर कुछ नहीं कह पा रही थी। न ही उसके शरीर पर बाहरी तौर पर जख्म पाए गए थे। अब पोस्टमार्टम से साफ हुआ है कि उसका नाक मुंह दबाकर दम घोंट दिया गया। गला दबाने की कोशिश भी की गई।बालिका के पिता ने अपनी सौतेली मां पर हत्या का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि बालिका की दादी सौतेली है और वह उससे बहुत ज्यादा जलती थी।

यही वजह है कि पुलिस दादी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव का कहना है कि हत्या की पुष्टि पोस्टमार्टम से हो गई है। रेप की पुष्टि नहीं है। जांच कराई जा रही है।

## प्रयागराज में रेस्टोरेंट संचालिका से अश्लीलता- रास्ते में रोककर बोला- मेरे लोगों से पैसा मांगा तो आग लगा देंगे, FIR



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय) ।प्रयागराज के सिविल लाइंस में रेस्टोरेंट चलाने वाली एक महिला से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। महिला को जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में अनिल गोस्वामी, हमजा और कई अज्ञात पर केस दर्ज हुआ है।शहर की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके पति डेढ वर्ष से सिविल लाइंस में किराये की जगह लेकर रेस्टोरेंट चलाते हैं। महिला का कहना है कि उसके पति कुछ माह से शहर के बाहर थे। ऐसे में रेस्टोरेंट वह चला रही थी।महिला का कहना है कि रेस्टोरेंट के बाहर दुकान लगाने वाला अनिल गोस्वामी पांच-छह साथियों के साथ आया और उससे अश्लील हरकत करने लगा। आरोप है कि वह आए दिन इशारेबाजी करता रहा।महिला का आरोप है कि अनिल और उसके साथी खाना खाकर बिल नहीं देते थे। रुपए मांगने पर धमकी दी।

कहा आग लगा देंगे। दो मार्च को महिला अपनी सहेली को उसके घर छोड़ने जा रही थी तभी बीएसएनएल आफिस के पास अनिल गोस्वामी अपने तीन-चार साथियों के साथ उसे रोक लिया।आरोपी बोला- मेरे जितने भी आदमी रेस्टोरेंट में आते है उनसे पैसा नहीं मांगना यदि पैसा मांगे तो तुम्हारा वो हाल करूंगा कि तुम कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## आवागमन के बीच शास्त्री पुल पर मरम्मत का काम शुरू

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।प्रयागराज को पूर्वांचल से जोड़ने वाले शास्त्री पुल की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। हालांकि बावजूद पुल पर डायवर्जन लागू नहीं किया गया है। कार्य के दौरान जरूरत पड़ने पर डायवर्जन लागू किया जाएगा। इसके लिए महाकुम्भ शुरू होने से पहले 18 करोड़ रुपये का बजट शासन से स्वीकृत हो गया था, लेकिन मेला अवधि में पुल पर लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ की वजह से पुल के एक्सपैंशन ज्वाइंट और बेयरिंग को बदलने का काम नहीं हो पाया था। इस पुल पर भारी वाहनों के लगातार आवागमन की वजह से अक्सर शहर से झूंसी की ओर जाने वाले एक हिस्से में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते थे। जिसकी वजह से कई पिलर के ज्वाइंट व बेयरिंग क्षतिग्रस्त होते रहते थे। जनवरी के पहले सप्ताह में इसकी मरम्मत के लिए बजट शासन से आवंटित हुआ था। बजट जारी होने के बाद पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तीन के अधिशाषी अभियंता नवीन कुमार शर्मा ने विशेषज्ञ इंजीनियरों के साथ क्षतिग्रस्त ज्वाइंट का सर्वे कराया था और मेला अवधि में ही कार्य पूरा करने की योजना बनाई गई थी। मेला के पहले शाही स्नान पर्व मकर संक्रांति से पुल पर लगातार श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू होने लगा तो मुख्य अभियंता एके द्विवेदी ने कार्य स्थगित करने का आदेश जारी किया। तय हुआ कि मेला समाप्त होने के बाद पुल की मरम्मत शुरू कराई जाएगी। यही वजह रही कि अधिशाषी अभियंता ने मंगलवार को एक हिस्से में कार्य शुरू कराया। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि 31 मार्च तक कार्य को पूरा करा लिया जाएगा। आवागमन से कार्य बाधित होता है तो यातायात पुलिस से वार्ता करके एक हिस्से को बंद किया जा सकता है।

## माफिया अतीक के करीबियों के प्लाट पर चला बुलडोजर- पीडीए का एक्शन जारी, अवैध प्लाटिंग करने वालों पर बड़ी कार्रवाई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।माफिया अतीक अहमद के करीबियों की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ मंगलवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की तरफ से माफिया अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ के करीबी रहे लोगों की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 18 बीघा से अधिक की जमीन को खाली कराया गया।खालिद जफर रहा है अतीक का खास माफिया अतीक अहमद के खास रहे खालिद जफर की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ पीडीए की तरफ से विशेष कार्रवाई की गई । खालिद जफर, माफिया अतीक अहमद का खास बताया जाता है। इसके अलावा पीडीए की तरफ से जीसान, डॉ. कमरान, जानू और इमरान की अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। पीडीए की तरफ से जारी सूचना के अनुसार राजीव नागर, मो. अरसद,जीसान व अन्य के ग्रीन वैली में तीन बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को खाली कराया गया। इसके अलावा खालिद जफर व अन्य के खिलाफ 10 बीघा जमीन पर सिलना भीटी मौजा, देवघाट पर की गई अवैध प्लाटिंग के खाली कराया गया। साथ ही डॉ. कामरान, जानू, इमरान व अन्य की तरफ से मौजा, देवघाट, प्रयागराज में पांच बीघा पर की गई अवैध प्लाटिंग को खत्म किया गया। साथ ही आराजी संख्या 485 मौजा देवघाट पर की गई अवैध प्लाटिंग को खाली कराया गया। इस दौरान जोनल अधिकारी के साथ भवन निरीक्षक कुंवर आनंद सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक में ब्लैक स्पॉट सुधार कर सड़क दुर्घटनाएं कम करने पर जोर।

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार सभी ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक उपाय (करेक्टिव मेजर्स) किए जाये, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। उन्होंने चिन्हित ब्लैक स्पॉट के साथ-साथ नए दुर्घटना बाहुल्य स्थलों को चिन्हित करते हुए वहां पर भी दुर्घटनाओं को रोके जाने हेतु सभी आवश्यक उपाय करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को वाराणसी व मिर्जापुर मार्ग पर सम्भावित दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान कर तकनीकी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी को राजमार्गों व मुख्यमार्गों से जुड़ने वाली सड़को पर टेबल टॉप बनाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी डिवाईडरों को पेंट करने एवं डिवाइडरों के कट प्वाइंट पर रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने ओवर स्पीडिंग रोकने, नशे की हालत में वाहन न चलाये जाने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी से यातायात के नियमों का पालन करने व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने के लिए कहा है।

इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त श्री एन0 कोलांची, सभी डीसीपी, अपर जिलाधिकारीगणों के साथ अन्य वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## लाला मनमोहन दास इंटरमीडिएट कॉलेज झूंसी के विद्यार्थियों ने स्वच्छ कुंभ के नारे को सार्थक किया।




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय) ।प्रयागराज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्वच्छता अभियान चलाकर मेला समाप्ति के पश्चात भी स्वच्छ कुंभ के संकल्प को साकार किया।इस अवसर पर सेक्टर 18 एवं 19 के सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रधानाचार्य डॉ निरंजन कुमार सिंह सहित कॉलेज के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कॉलेज के 100 से अधिक एनसीसी स्काउट एवं गाइड सहित विद्यार्थी और शिक्षकों ने सेक्टर 18 में 1 घंटे से अधिक समय तक स्वच्छता अभियान चलाया इस दौरान विद्यार्थियों ने झाड़ू लेकर सफाई की और नालियों में तथा मेला क्षेत्र में बिखरे हुए पॉलिथीन एवं अन्य प्रकार के सामग्रियों को उठाकर पॉलीबैग में एकत्रित किया। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता जीवन का संस्कार है और इस अभियान के जरिए विद्यार्थियों ने स्वच्छ कुंभ के संकल्प को कुंभ समाप्ति के पश्चात भी साकार किया है। उन्होंने कहा कि कुंभ में करोड़ों लोग सम्मिलित हुए जिनके लिए स्वच्छता का उच्च कोटि का प्रबंध किया गया था बावजूद इसके कुछ लोगों ने सड़कों पर और नालियों में पॉलिथीन सहित अन्य सामग्रियों को फेंक कर गंदगी फैलाई जिसे समय रहते हटाया जाना पर्यावरण के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्कूली बच्चों के अंदर न सिर्फ स्वच्छता का संस्कार विकसित होगा, बल्कि वह कुंभ समाप्ति के बाद गंगा के कछार को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान भी दे सकेंगे। स्वच्छता अभियान में कॉलेज के शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया और उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर कूड़े एकत्रित करने में अपना हाथ बटाया। झूंसी में गंगा के तट पर बसे लाला मनमोहन दास इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वह आगे भी स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

## महाकुम्भ के बाद संगम क्षेत्र में फिर बढ़ा कटान का खतरा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।संगम क्षेत्र में त्रिवेणी बांध के कटान का खतरा फिर बढ़ गया है। बांध को कटान के खतरे से बचाने के लिए महाकुम्भ के पहले बड़े-बड़े जियो ट्यूब लगाए गए। महाकुम्भ शुरू होने के पहले बांध की सुरक्षा के लिए लगाए गए जियो ट्यूब हटा दिए गए। महाकुम्भ के पहले सिंचाई विभाग ने करोड़ों रुपये खर्च कर शास्त्री ब्रिज से संगम नोज तक गंगा की तीन धारा को एक किया। गंगा की महाधारा निर्माण करने के साथ सिंचाई विभाग (बाढ़ प्रखंड) ने बालू से भरे बड़े-बड़े जियो ट्यूब लगाकर बांध की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर दी। महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व से पहले संभावित भीड़ को देखते हुए मेला प्रशासन ने संगम नोज घाट को बढ़ाने की योजना बनाई गई।शास्त्री पुल से संगम तक घाट विस्तार देने के लिए जियो ट्यूब को हटा दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जियो ट्यूब को काटकर नष्ट कर दिया गया। महाकुम्भ समापन के बाद एकबार फिर बांध की सुरक्षा को लेकर सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ी है। सिंचाई विभाग के एक इंजीनियर ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़े या घटे, गंगा का प्रवाह बांध की ओर होगा तो कटान शुरू होगी। गंगा का प्रवाह बांध की ओर होने का दावा भी किया जा रहा है।पिछले पांच साल में कटान से बांध की ओर 10 मीटर से अधिक जमीन गंगा मे समाहित हो गई थी। इंजीनियर नहीं चाहते कि फिर से कटान हो। सिंचाई विभाग (बाढ़ प्रखंड) के अधिशासी अभियंता डीके शुक्ला ने बताया कि कटान रोकने का इंतजाम करना पड़ेगा। अधिशासी अभियंता के मुताबिक, कटान को लेकर कुम्भ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद को जानकारी दी गई है। मेला अधिकारी इस संबंध में सिंचाई विभाग के इंजीनयरों के साथ बैठक कर सकते हैं।

# ट्रेनों में सीट के लिए लंबा इंतजार, बढ़ी प्रतीक्षा सूची



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय) ।।होली के पहले प्रयागराज से गोरखपुर, पटना, लखनऊ और दिल्ली रूट पर भारी संख्या में यात्रियों को अपने गांव-घर लौटना हैं। लेकिन इस बार भी ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता बेहद सीमित है। त्योहार से एक हफ्ते पहले ही ज्यादातर ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट इतनी लंबी हो चुकी है कि कंफर्म टिकट मिलना लगभग नामुमकिन हो गया है।60 वर्षीय सीमा देवी का कहना है कि मुझे लोअर बर्थ की जरूरत है, लेकिन वेटिंग टिकट में वो मिलना मुश्किल है। दीपावली पर मिडिल बर्थ मिलने से इतनी परेशानी हुई थी कि अब डर लगता है। वहीं, धूमनगंज के अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि मेरे पिता को कुशीनगर स्थित गांव जाना है, लेकिन सीट कंफर्म नहीं है। वेटिंग टिकट लेकर सफर करना बुजुर्गों के लिए बेहद कठिन हो जाता है। हैरानी की बात ये है कि अब तत्काल और सुपर तत्काल में टिकट लेने वालों को ज्यादा रुपये खर्च करने होंगे। गोरखपुर हो या दिल्ली की रूट की वंदे भारत, इसी में अभी सीट खाली है। 13 और 14 मार्च को सीट खाली है लेकिन 15 मार्च से वेटिंग है।राजधानी (12301)= 13 और 14 मार्च को कुछ सीटें, 16 मार्च को वेटिंग।हमसफर (12275)= 13 मार्च व 14 मार्च को 61 वेटिंग, 15-16 मार्च को सीट फुल। शिवगंगा (12559)= 13 मार्च को नौ, 14 मार्च को पांच वेटिंग, 15 मार्च को 19, 16 मार्च को 49 वेटिंग।मगध एक्सप्रेस (20801)= 13 मार्च या उसके बाद होली पर्व पर किसी भी दिन सीट नहीं। नेताजी एक्सप्रेस(12311)= 13 से 16 मार्च तक रिग्रेट स्टेटस।प्रयागराज एक्सप्रेस (12417)= 100 से ज्यादा वेटिंग, 13-16 मार्च के बीच सीट मिलना मुश्किल।चौरी-चौरा एक्सप्रेस (15003)=होली से पहले 13-15 मार्च तक सिर्फ वेटिंग। कोट रेलवे ने होली पर स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है। यूपी के अलावा मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र समेत अन्य जगहों की होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। अन्य कई ट्रेनों का शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। शशिकांत त्रिपाठी, एनसीआर, सीपीआरओ

# शंकरगढ़ थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक संपन्न, होली व रमजान को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शंकरगढ़/प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)।। आगामी होली और रमजान के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शंकरगढ़ थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त बारा संतलाल सरोज ने की। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त संतलाल सरोज ने कहा, होली और रमजान दोनों ही सौहार्द और आपसी भाईचारे के पर्व हैं। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और सभी से अपील है कि वे सहयोग करें। यदि कोई भी अफवाह फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश करता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रभारी निरीक्षक थाना शंकरगढ़ ओम प्रकाश ने कहा, हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। पुलिस प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। यदि किसी को कोई समस्या हो, तो तुरंत थाना या प्रशासन से संपर्क करें।卐 बैठक में विद्युत विभाग के एसडीओ, नगर पंचायत के कर्मचारी, मुस्लिम धर्मगुरु, होलिका दहन कमेटी के सदस्य, व्यापार मंडल शंकरगढ़ अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, सभासद पप्पू भारतीय, सभासद मनपूरन सिंह, दीपक केसरवानी सहित कई ग्राम प्रधान और संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। व्यवस्था को लेकर निर्देश अधिकारियों ने त्योहारों के दौरान समन्वय बनाए रखने, कानून-व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने, होलिका दहन के स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने और जुलूस व नमाज के दौरान सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान सभी समुदायों के लोगों ने प्रशासन को सहयोग देने और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोर्ट के आदेश पर राजाराम मीणा के तबादले पर आया स्टे

मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।

झालावाड़ 05 मार्च राज्य सरकार के पंचायतीराज विभाग द्वारा कही जगह ग्राम विकास अधिकारियों के तबादले किए जिसमें पंचायत समिति बकानी की ग्राम पंचायत पाटलिया कुलमी में लगे ग्राम विकास अधिकारी राजाराम मीणा का भी तबादला कर दिया गया था।मीणा ने तबादले के आदेश को कोर्ट में जाकर चुनौती दी और कोर्ट के आदेश पर मीणा को स्टे मिल गया जानकारी के अनुसार जब किसी अधिकारी का ट्रांसफर कर दिया जाता है।अगर वो कोर्ट से स्टे ले आते तो जहां उनकी ड्यूटी होती वही वो सेवा देते है।ऐसे में अब ग्राम विकास अधिकारी राजाराम मीणा को कोर्ट से स्टे मिल जाने पर अब वो फिर से पाटलिया कुलमी में ही ग्राम विकास अधिकारी रहेंगे राजनैतिक द्वेषता से हुआ था।मेरा तबादला ग्राम विकास अधिकारी राजाराम मीणा ने मीडिया को बताया कि मेरा जो तबादला किया गया था।वो सरकार ने नहीं यह तबादला तो मेरा राजनैतिक द्वेषता के साथ करवाया गया था। कही सरकार को चुनौती तो नहीं दी जा रही पंचायतीराज विभाग द्वारा तबादला किया गया है।खेर प्रक्रिया के तहत हुआ या शिकायत पर खेर जो भी हो ग्राम विकास अधिकारी को कोर्ट से स्टे ले आना यह उनके अधिकार क्षेत्र का मामला है।हां यह जरूर है।की यह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।की पंचायतीराज विभाग को चुनौती देकर आखिर स्टे ले आएं क्या बिगड़ा उनका आखिर फिर यही रहेंगे वो तो

### बड़े ही धूमधाम से मनाया गया वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी का जन्म दिवस




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

प्रयागराज (संजीत कुमार उपाध्याय)।।आज जसरा के अवध बाजार 99 स्टोर पर बड़े ही धूमधाम से वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश द्विवेदी का जन्म दिवस मनाया गया।जन्मदिवस के दौरान समाजसेवी मुकेश द्विवेदी ने केक काटकर सब का मुंह मीठा कराया ।जन्मदिवस कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित जगदंबा प्रसाद शुक्ल ने कहा कि ऐसे समाज सेवी बहुत कम ही मिलते हैं जो की सभी वर्ग के लिए दिन हो या रात किसी की भी कोई भी समस्या हो वह तुरंत वहां पहुंचकर निदान करने की कोशिश करते हैं ।इसके साथ ही वहां उपस्थित प्रख्यात गायक सानू भानू ने अपने गीतों के माध्यम से समा बांध दिया ।जिससे लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया ।तत्पश्चात अविनाश त्रिपाठी ने भी गीत एवं काव्य के माध्यम से वहां अपने उपस्थिति दर्ज कराई ।कार्यक्रम के दौरान कृष्ण चंद्र शुक्ला ने कहा कि यह केक केवल मुंह मीठा ही नहीं करता बल्कि उनके जन्म दिवस का यह केक हमारे दिलों में मिठास पैदा करने का कार्य करता है ।इसके साथ ही वहां उपस्थित लोगों में समाजसेवी मुकेश द्विवेदी को केक खिलाकर जन्म दिवस की बधाइयां दी। वहीं कुछ लोगों ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, एवं गिफ्ट देकर के समाजसेवी का मान बढ़ाया ।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों में जगदंबा प्रसाद शुक्ला, गजेंद्र प्रताप सिंह ,मनोज पांडे, डॉक्टर मामून अहमद ,जय सिंह पासी, विपिन मिश्रा, पुंडरीक त्रिपाठी, विवेक द्विवेदी, श्रेयांश द्विवेदी ,आदर्श शुक्ला एवं क्षेत्र के गंड़ मान्य व्यक्तियों के साथ-साथ पत्रकार गण भी उपस्थित रहे

# नोएडा प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड में लगी आग, धुआं-धुआं हुआ शहर; लोगों को सांस लेना हो रहा मुश्किल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस
ब्यूरो ग्रेटर नोएडा

सेक्टर 32 स्थित नोएडा प्राधिकरण के डंपिंग ग्राउंड में पड़े उद्यानिक कचरे में बुधवार दोपहर को एक बार फिर आग लग गई। आग लगने से आसपास के क्षेत्र में धुआं का गुबार फैला रहा। अग्निशमन विभाग की गाड़ियों से देर शाम तक आग बुझाना जारी रहा लेकिन अभी भी आग पूरी तरह से नहीं बुझ पाई। ग्रैप हटते ही आग लगने की घटना होने को संदिग्ध मानते हुए आग लगाए जाने की चर्चा है। उधर, अग्निशमन विभाग के पत्राचार करने पर भी प्राधिकरण चेता नहीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि बुधवार दोपहर को सेक्टर 32 के डंपिंग ग्राउंड के उद्यानिक कचरे में आग लगने की सूचना मिली थी। तत्काल मौके पर कई गाड़ियों को भेजा गया, आग को बुझाने का काम जारी है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड में पूरे शहरभर का उद्यानिक कचरा एकत्रित होता है। सूखे पत्ते आदि होने से आग लगने पर काबू पाना काफी मुश्किल होता है। विगत सालों में भी आग लगने की घटनाएं हो चुकी है। इस बाबत नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को चार बार पत्राचार किया जा चुका है। 15 दिन पहले भी पत्र लिखकर आग की संभावना और बचाव को लेकर ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया था लेकिन कोई पहल नहीं की गई है। उधर, पिछले साल पांच दिन में बुझी आग को लेकर प्राधिकरण अधिकारियों ने डंपिंग ग्राउंड में कूड़ा नहीं डालने का दावा किया था। सेक्टर के पार्क आदि में ही मशीन लगवाकर, वहीं पर उद्यानिक कचरे का निस्तारण कराने पर जोर दिया था। जानकारों की मानें तो यहां पर उद्यानिक कचरा डालना जारी रहा। लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग पिछले दो साल से होली के आसपास डंपिंग ग्राउंड में आग लगने की घटना हो रही हैं। इसका खामियाजा नोएडा के लोगों को प्रदूषण के रूप में भुगतना पड़ता है। आग को लेकर नोएडा के लोग नाराजगी जता चुके हैं लेकिन प्राधिकरण की ओर महज खानापूर्ति की जाती है। अब फिर से आग लगने पर लोगों को प्राधिकरण की लापरवाही का खामियाया भुगतना पड़ रहा है।

# शाला में विद्यार्थियों का करवाया नैत्र परीक्षण - भविष्य का संरक्षण लायंस क्लब सेंट्रल का प्राइम प्रोग्राम






मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।

कोटा 5 मार्च 2025, लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के डिस्ट्रिक्ट प्राइम प्रोग्राम भविष्य का संरक्षण के अंतर्गत गुरूवार को स्कूल के विद्यार्थियों का नैत्र परीक्षण करवाया गया क्लब अध्यक्ष मधु बाहेती ने बताया कि महेश बाल विद्या निकेतन बृजराजपुरा इंद्रा मार्केट में परीक्षा से पूर्व कक्षा 2 से 8 तक के छात्रों का नेत्र परीक्षण करवाया गया। शाला के 153 छात्रों, अध्यापक गण और कर्मचारियों की आंखों की ऑप्टोमेट्रिस्ट ललित मिश्रा द्वारा जांच की गई मधु बाहेती ने बच्चों को अनमोल आंखों की देखभाल, मोबाइल कम से कम देखना, फल सब्जी खाना आदि के बारे में समझाया जिन छात्रों की कमजोर नजर है और चश्मे की जरूरत है उनके लिए क्लब द्वारा चश्मे बना कर दिए जाएंगे इस अवसर पर क्लब सदस्य ललित बाहेती, नन्द किशोर काल्या इत्यादि उपस्थित रहे प्रिंसिपल निशा मालू ने क्लब के द्वारा की गई समाज सेवा की सराहना की और धन्यवाद ज्ञापित किया मधु बाहेती (अध्यक्ष) - 93140 37509

# फाग महोत्सव बड़े धूमधाम से संपन्न किया





मीना देवी, उजाला हितैषीएक्सप्रेस, ब्यूरो चीफ राजस्थान।

जलेश्वर महादेव नारी शक्ति के द्वारा झालरापाटन के ग्राम गिनदोर में फाग महोत्सव होली के त्योहार से जुड़ा है इस रंगों का त्योहार भी कहा जाता है फाग महोत्सव को मनाने पीछे कहीं कारण है फाग महोत्सव की शुरुआत भगवान श्री कृष्णा ने की थी भगवान श्री कृष्णा ने राधा के साथ रंगों की होली खेली थी फाग का मूल शब्द फागुन है जो हिंदू कैलेंडर का एक महीना है फाग लोकगीत का एक शैली है जो होली के दौरान गाई जाती है इन गीत में अक्सर प्रेम प्रकृति और सामाजिक विषयों का दर्शायाद जाता है फाग में होली फागुन माह मैं मनाए जाने के करण इस फागुन भी कहते हैं होली का त्यौहार बसंत पंचमी आरंभ हो जाता है उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है किसी दिन से फाग महोत्सव आरंभ हो जाता है फाग महोत्सव राधा कृष्ण प्रेम का वर्ण होता है फाग स्त्री पुरुषों के द्वारा गया जाता है होली का पाव पूर्व में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता था , जिसमें पलास फूल खाखरे के फूल के रंगों से रंग बनाया जाता था अब वर्तमान में प्राकृतिक रंगों का उपयोग गांव में ही किया जाता है विद्या बाई शर्मा सुनीता सोनी रेखा सोनी रुक्मणी सोनी ज्योति चोरसिया नम्रता चोरसिया अनुराधा सेन रुचि शर्मा शांति भाई मनोरम सोनी संपूर्ण जानकारी महिला नारी शक्ति मीडिया प्रभारी के द्वारा दी गई सुनिता शर्मा ने दी

# वर्ल्ड चैंपियन अर्जुन भाटी की बहन की शादी में जुटीं नामी हस्तियां, पिता ने दिया करोड़ों का दान




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा (मोहित पंडित)। वर्ल्ड चैंपियन गोल्फर अर्जुन भाटी की बहन डॉक्टर तान्या भाटी की शादी ग्रेटर नोएडा के द गोल्डन ड्रीम्स फार्म हाउस में शाही अंदाज में संपन्न हुई। इस भव्य समारोह में देशभर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। बागपत के नेशनल अवार्डी और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन भी शादी में पहुंचे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। शादी के दौरान तान्या भाटी के पिता और ओम प्रोपटेक कंपनी के मालिक बॉबी भाटी ने कन्यादान के रूप में दुजाना गांव के दादी सती मंदिर के विकास के लिए 51 लाख रुपये और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बालिका डिग्री कॉलेज दुजाना को 51 लाख रुपये दान किए। इस समारोह में बागपत के जिला पंचायत अध्यक्ष जयकिशोर, नोएडा के सांसद महेश शर्मा, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सिसोदिया, इंडिया एक्सपो मार्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व आईएएस राकेश शर्मा और राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

# गुलावठी में लेनदेन को लेकर महिला और दुकानदार में विवाद, पुलिस के दखल से मामला हुआ शांत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी के मुख्य बाजार स्थित एक प्लाजा में रुपए के लेनदेन को लेकर महिला और दुकानदार के बीच विवाद हो गया। महिला ने दुकानदार पर 500 रुपये का नोट देने के बाद 400 रुपये वापस न करने का आरोप लगाया, जबकि दुकानदार का कहना था कि उसने पैसे लौटा दिए थे। विवाद बढ़ने पर पास में मौजूद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत की। हंगामे के बाद दुकानदार ने महिला को दोबारा 400 रुपये दे दिए, जिसके बाद मामला शांत हुआ। बाजार में इस घटना की खूब चर्चा हो रही है, वहीं कुछ दुकानदारों का कहना है कि यह महिला पहले भी इस तरह की हरकतें कर चुकी है।

# सत्य एवं न्याय को हृदय में परिलक्षित कर सदा सत्य एवं न्याय के साथ तटस्थ रहना ही मानव का मूल धर्म है- जिला मंत्री राजेश तिवारी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



प्रयागराज(संजीत कुमार उपाध्याय)।सत्य एवं न्याय को हृदय में परिलक्षित कर सदा सत्य एवं न्याय के साथ तटस्थ रहना ही मानव का मूल धर्म है यह अभिव्यक्ति एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज के जिला मंत्री राजेश तिवारी ने वरिष्ठ समाजसेवी ताड़क नाथ मिश्रा से उनके निज निवास कुर्की कला मेजा प्रयागराज में कही।स्पष्ट कराते चले कि जिला मंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री मिश्रा के बीच बहुत ही घनिष्ठतम पारिवारिक सम्बन्ध हैं और दोनों ही सम्भ्रान्त जन एक दूसरे के सुख-दु:ख में अवश्य सहभागिता करते रहते हैं।दोनों ही सम्भ्रान्त जन ईश्वर के महान भक्त हैं और सत्य एवं न्याय के प्रति ओत प्रोत रहकर अपना सांसारिक जीवन व्यतीत करते हैं।आपसी सौहार्दपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्य एवं न्याय को हृदय में परिलक्षित कर सदा सत्य एवं न्याय के साथ तटस्थ रहना ही मानव का मूल धर्म है क्योंकि मनुष्य के अतिरिक्त इस संसार में कोई भी प्राणी सत्य एवं न्याय के बारे में तनिक भी नही जानता।इससे साफ स्पष्ट है कि मानव को यह मनुष्य रुपी ढांचागत शरीर इसलिए प्राप्त हुआ कि वह इस जगत की सच्चाई को भलीभांति जान सके।इतिहास गवाह है कि इस धरती पर जो भी मनुष्य सत्य एवं न्याय के पथ पर चला सदा ही उसकी विजय हुई।सत्य ही ईश्वर है एवं न्याय ही उनका निवास स्थल है।इसलिए सत्य एवं न्याय पथगामी मनुष्य के साथ सदा ईश्वर की कृपा बनी रहती है और विजय वही होती है जहाँ प्रभू श्रीकृष्ण जैसे ईश्वर विराजमान रहते हैं। इतिहास के पन्ने यह भी स्पष्ट रुप से बताते हैं कि जो भी आतिताई दुष्ट व्यक्ति सत्य एवं न्याय रुपी मनुष्य से टकराया है तो उसका समूल सर्वनाश हो गया।जिला मंत्री ने आगे अपने व्यक्तव्य में यह भी कहा कि सत्य एवं न्याय ही ईश्वर का मूलभूत स्वरुप है,इसी मार्ग से तू पाएगा ईश्वर को रे प्राणी जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का भूप है।इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी एवं संघ खण्ड कार्यवाह मेजा विंध्यवासिनी यादव ने कहा कि जिला मंत्री द्वारा मनुष्य के वास्तविक जीवन का पथ प्रदर्शन बहुत ही सुन्दर एवं स्वच्छ दर्पण की भांति स्पष्टता से वर्णन किया गया है।वास्तव में मनुष्य का मूलभूत नैतिक कर्तव्य है कि वह सदा सत्य एवं न्याय के मार्ग पर चलता रहे तभी वह वास्तव में मानव कहलाने का हकदार है। इस साहित्यिक एवं आध्यात्मिक परिचर्चा के दौरान जिला मंत्री के साथ वरिष्ठ समाजसेवी ताड़क नाथ मिश्रा,वरिष्ठ समाजसेवी एवं संघ खण्ड कार्यवाह मेजा विंध्यवासिनी यादव,बी0डी0सी0 बकचून्दा अनुज तिवारी एवं नवयुवक समाजसेवी अमरेश मिश्रा सहित आस पास बहुत से लोग मौजूद रहे।

# पूर्व चेयरमैन चौधरी अमरपाल सिंह को क्षत्रिय महासभा व समाजसेवियों ने दी श्रद्धांजलि

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। अनूपशहर विधानसभा क्षेत्र के गांव डूंगरा जाट निवासी और चीनी मिल अनूपशहर के पूर्व चेयरमैन चौधरी अमरपाल सिंह के निधन पर क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों व प्रधानों में अरवेश सिंह राघव (किशनपुर), सत्येंद्र सिंह चौहान (गरहरा), मधुकर त्यागी (पूर्व प्रधान तोली), ग्राम प्रधान किशनपुर ब्रजवीर सिंह राघव और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मेरठ के मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव शामिल रहे। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान हो।

# एनएसएस शिविर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सिकंदराबाद (हितेश शर्मा)। नगर के जेएस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की द्वितीय इकाई द्वारा रामबाड़ा सिकंदराबाद में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिन बालिका शिक्षा और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को थीम बनाया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर जागरूकता अभियान की शुरुआत की, इसके बाद योगाभ्यास किया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्वयंसेवकों ने रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। बौद्धिक सत्र में प्रोफेसर विनोद यादव ने बालिका शिक्षा के महत्व पर व्याख्यान दिया, वहीं डॉ. प्रदीप गोयल ने महिला शिक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की शपथ ली।

# श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई भव्य कलश यात्रा, श्रद्धालुओं में उत्साह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नरौरा क्षेत्र के राजघाट स्थित दुर्गा देवी मंदिर में बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कथा वाचक हरि मोहन आचार्य ने मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य यजमान राजेंद्र प्रसाद (पूर्व प्रधान) ने अपने सिर पर श्रीमद् भागवत रखकर नगर भ्रमण किया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली, वहीं डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। हर-हर गंगे के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। कलश यात्रा दुर्गा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर गंगा जी रोड, महादेव मोहल्ला, गणेश मंदिर, रेलवे फाटक, रामजी की बगीची, गंगा मंदिर, बुद्ध सैन चौक, रामलीला ग्राउंड, बड़ा बाजार और घंटाघर से होते हुए कथा पंडाल में संपन्न हुई। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद, सुशील शर्मा, कुलदीप शर्मा, महाप्रकाश शर्मा, श्यामू शर्मा, भानू शर्मा, पंकज शर्मा, राजू पंडित, अंशुल शर्मा, माधव शर्मा समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।